अनमोल विचार

हमेशा इतने छोटे बनो कि हर व्यक्ति आपके साथ बैठ सके और इतने बड़े बनो कि आप जब खड़े हों तो कोई बैठा न रहे।

▶▶ अज्ञात

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, रविवार, 01 दिसंबर 2024 | वर्ष- 09 | अंक- 344 | पेज-08 | मूल्य- ₹ 5.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता का दावा, चिन्मय दास के बाद बांग्लादेश में एक और हिंदू पुजारी गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने दावा किया कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के प्रमुख चेहरे चिन्मय दास की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को एक और हिंदू



पुजारी श्याम दास प्रभु को भी गिरफ्तार किया गया है। इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने दावा किया कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के प्रमुख चेहरे चिन्मय दास की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को एक और हिंदू पुजारी श्याम दास प्रभु को भी गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के मुताबिक श्याम दास प्रभु, चिन्मय दास से मिलने पहुंचे थे। श्याम दास को बिना किसी आधिकारिक वारंट के गिरफ्तार किया गया।

### आग के तांडव से बेघर हुए 24 परिवार, झोपड़ियां जलकर राख, तेज धमाके के साथ फटा सिलेंडर, महिला की मौत

**गाजीपुर, एजेंसी।** गाजीपुर जिले के शेरपुर नई बस्ती में शनिवार को बड़ा हादसा हुआ। 24 झोपड़ियों में आग लगने से



मौके पर हड़कंप मच गया। इस दौरान आग से झुलसने से एक महिला की जान भी चली गई। गाजीपुर जिले के भांवरकोल थाना क्षेत्र के शेरपुर नई बस्ती में शनिवार को अज्ञात कारणों से आग लगने से 14 परिवारों की 24 झोपड़ियां जलकर नष्ट हो गईं। इस दौरान सिलिंडर फटने से सामान निकाल रही एक महिला की झुलसकर मौत हो गई। 2.15 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। सूचना पर मुहम्मदाबाद एसडीएम और तहसीलदार घटना स्थल पर पहुंचे।

### हार के बाद कांग्रेस में रार, पार्टी नेता ने प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को बताया आरएसएस का एजेंट, नोटिस जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष नाना



पटोले पर आरएसएस एजेंट होने का आरोप लगाने वाली टिप्पणी पर नागपुर सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार हृषिकेश उर्फ बंटी शेल्के को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। शनिवार को जारी नोटिस में शेल्के से दो दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने की मांग की गई है कि कथित तौर पर कांग्रेस पार्टी और पटोले को बदनाम करने के लिए उन्हें निलंबित क्यों नहीं किया जाना चाहिए। 28 नवंबर, 2024 को कांग्रेस विधानसभा उम्मीदवारों की बैठक के बाद की गई शेल्के की टिप्पणियों ने पार्टी के भीतर चिंता पैदा कर दी है।

### ईवीएम को लेकर कांग्रेस ने उठाए सवाल तो बीजेपी ने दी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद ईवीएम को लेकर सियासत और तेज हो गई है। भाजपा ने शनिवार (30 नवंबर,2024) को ईवीएम की विश्वसनीयता पर



सवाल उठाने के लिए कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के सभी मुख्यमंत्रियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों को पहले इस्तीफा दे देना चाहिए। सबसे पहले तो राहुल गांधी को इस्तीफा दे देना चाहिए और ये घोषणा करनी चाहिए कि वे बैलेट पेपर वापस आने के बाद ही चुनाव लड़ेंगे। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि अगर कांग्रेस के नेता इस्तीफा दे देते हैं तो ये उनकी ओर से उठाए जा रहे मुद्दों को दर्शाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस के आरोप खोखले शब्दों के अलावा और कुछ नहीं हैं। इतना ही नहीं भाटिया ने कांग्रेस को इस मुद्दे पर अदालत जाने को भी कहा।

### केजरीवाल पर पानी फेंका, आरोपी की समर्थकों ने की पिटाई , आप बोली- बीजेपी ने हमला कराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर एक शख्स ने पानी फेंका। समर्थकों ने मौके पर ही आरोपी की पिटाई कर दी। दिल्ली पुलिस ने



बताया कि आरोपी का नाम अशोक झा है और वह खानपुर डिपो में बस मार्शल के पद पर तैनात है। उसे हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। सीएम आतिशी ने कहा कि दिल्ली का चुनाव तीसरी बार हारने की बौखलाहट भाजपा में दिख रही है। इसी वजह से वे ऐसी हरकत कर रहे हैं। इसका बदला दिल्ली की जनता लेगी और भाजपा को जीरो सीट देगी। वहीं, दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा नेता सभी राज्यों में रैलियां निकालते हैं, उन पर कभी हमला नहीं होता। केजरीवाल पर लगातार हमले हो रहे हैं। बीजेपी ने उन पर हमला किया है। कुछ दिन पहले नांगलोई और छतरपुर में भी ऐसी हरकत हुई थी।

## 6 दिवसीय विदेश यात्रा खत्म करने के बाद मध्य प्रदेश लौटे मुख्यमंत्री मोहन यादव, बोले-

# आर्थिक उन्नति में भारत आने वाले समय में जर्मनी-जापान को पीछे छोड़ देगा

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री मोहन यादव अपनी 6 दिवसीय विदेश यात्रा खत्म करने के बाद मध्य प्रदेश लौटे हैं। एयरपोर्ट पर सभी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और सफल विदेश यात्रा से लौटने की बधाई दी। उन्होंने अपनी इस यात्रा के दौरान यूके और जर्मनी का दौरा किया और विदेशी निवेशकों को मध्य प्रदेश आने का निमंत्रण दिया। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से विकसित मध्य प्रदेश के लिए यूके और जर्मनी का निवेश संबंधी मेरा प्रवास सफल रहा। दोनों देश के उद्यमी पूंजी निवेश के साथ तकनीक के क्षेत्र में भी मध्य प्रदेश में आने को लेकर उत्साहित हैं। आज प्रवास से वापसी पर भोपाल के राजकीय विमानतल पर आप सभी के साथ विचार साझा कर मुझे आनंद की अनुभूति हो रही है। इस अवसर पर आप सभी ने जो आत्मीय स्वागत किया। उसके लिए हृदय से आभार व धन्यवाद व्यक्त करता हूं। मंत्री तुलसी सिलावट, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, राज्य मंत्री कृष्णा गौर, गौतम टेटवाल, और विधायक रामेश्वर शर्मा पीसी में मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद देश ने अपनी एक पहचान बनाई पूरी दुनिया के हर देश के अंदर भारत का किसी भी राज्य का मुखिया जाए टल जाए मुखिया जाए उसके विश्वास का भाव बनता है। इंग्लैंड और जर्मनी इनका मोदी जी से संबंध जुड़ रहा है और एक देश इंग्लैंड जिसे हम पीछे छोड़ कर पांचवें नंबर पर आए हैं और वह छठे नंबर पर है। आर्थिक उन्नति के दौर में भारत ने इंग्लैंड को बीट किया है दो देश हमसे आगे हैं एक जापान एक जर्मनी है। हम जल्द ही इसे आगे होंगे। अपने संसाधनों का बेहतर से बेहतर उपयोग करके हम आगे बढ़ेंगे।




### आर्थिक रूप से संपन्न राज्यों में भी हमने रोड शो किए

हमने एक गति बनाई है और रीजनल कॉन्क्लेव से गति बनाई। फिर नेशनल स्तर पर गए। आर्थिक रूप से संपन्न राज्यों में भी हमने रोड शो किए। जबलपुर सागर रीवा उज्जैन समेत हैदराबाद कोलकाता भी गए। अब विश्व से अपने आप से जोड़ने का प्रयास किया है। कई चुनौतियां होती है कई अनुभव भी नहीं होते हैं। सरकार के गठन के साथ सुशासन शासन की बात कही है पूरे प्रदेश को आगे बढ़ाना है अनुकूलता भी हर जगह की अलग-अलग है और चुनौतियां भी अलग-अलग है। सीएम मोहन यादव का फूलों से स्वागत किया गया। साथ में जमकर ढ़ोल भी बजाए गए। मंच पर सरकार के मंत्री, विधायकों ने भी स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी में सरकार से बड़ा संगठन है। हम सरकार के मुखिया जरूर हैं, लेकिन हमारे लिए संगठन पहले है।

### यात्रा की मुख्य उपलब्धियां

- यूके के निवेशकों से 60,000 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।
- कौशल विकास साझेदारी और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर ध्यान दें।
- विकास के अवसरों की पहचान करने और उन पर कार्य करने के लिए प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में क्षेत्रीय सम्मेलनों के बादफरवरी मेंभोपाल में एक वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन की तैयारी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विदेशी सहयोग के लिए अनुकूल माहौल बनाने की प्रतिबद्धता।

### म्यूनिख और बवेरिया: जर्मनी के साथ सहयोग

- युद्ध के बाद पुनर्निर्माण से लेकर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने तक जर्मनी की यात्रा प्रेरणा का स्रोत थी। मुख्यमंत्री ने जर्मनी के साथ ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित किया, जिसमें संस्कृत और भारतीय संस्कृति में साझा योगदान भी शामिल है।

### हरित ऊर्जा और स्थिरता

सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, हरित ऊर्जा और शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने मध्य प्रदेश के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को गति देने के लिए जर्मन तकनीक की क्षमता पर प्रकाश डाला।

### फुटबॉल और खेल विकास

मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश के 卐मिनी ब्राज़ील卐 कहे जाने वाले फुटबॉल प्रेमी गांव बिरचापुर की गर्मजोशी से चर्चा की। उन्होंने जर्मन कोचों को आमंत्रित करके और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए भेजकर फुटबॉल को बढ़ावा देने की योजना साझा की। फुटबॉल को संबंधों को मजबूत करने और खेल के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करने के एक तरीके के रूप में देखा जाता है।

### भारत तीसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था बनेगा

पीएम मोदी ने जो तय किया है उसके लिए डबल इंजन की सरकार समर्पित है। ये दौरा और निवेश इसलिए है। आने वाले समय में भारत, जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ देगा। भारत तीसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था बनेगा। दुनिया में हमें रोजगार मिलेगा और युवाओं को उड़ान के लिए हम भेज सकते हैं। सीएम ने आगे कहा कि अभी की मेरे यूके और जर्मनी की यात्रा को मैं 2014 से जोड़ रहा हूं। उसके पहले आर्थिक व्यवस्था में हमारा नंबर 11 था। 2014 में पीएम ने इंग्लैंड को पीछे कर दिया। हम 5वें नंबर पर आ गए और इंग्लैंड 6वें पर आ गया। अब हमें तीसरे पर आना है। दुग्ध उत्पादन से लेकर आईटी सेक्टर को आगे बढ़ाना है। संतोष जनक निवेश आया है। जर्मनी से 18 हजार करोड़ के प्रस्ताव मिले और यूके से 60 हजार करोड़ के प्रस्ताव मिले हैं। मध्य प्रदेश में डायनासोर थे और इसकी रिसर्च को लेकर भी एमओयू हुए हैं।

### जर्मनी के माध्यम से वेदों का दुनिया को कराया परिचय

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वेदों को दुनिया से सबसे पहले परिचित कराने वाला कोई देश है, तो वह जर्मनी ही है। मैक्समूलर ने हमारे वेदों का संस्कृत भाषा से अनुवाद कर जर्मनी के माध्यम से दुनिया के सामने हमारे प्राचीन ज्ञान को प्रकट किया था। जर्मनी के साथ हमारे अतीत के संबंध बहुत अच्छे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि जर्मन ही एक ऐसी भाषा है जो संस्कृत के सबसे ज्यादा नजदीक है। मुख्यमंत्री की जर्मनी और यूके यात्रा से मप्र को न केवल व्यापारिक और औद्योगिक दृष्टि से फायदा होने की उम्मीद है, बल्कि यह राज्य के समग्र विकास में भी अहम योगदान देने वाली साबित होगी।

## महाराष्ट्र में शपथ के लिए स्थान और तारीख तय

# 5 दिसंबर को समरोह, पीएम मोदी होंगे शामिल, सीएम पर सस्पेंस बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शपथ ग्रहण समारोह की तारीख और जगह तो तय हो गई है लेकिन अभी तक अगले मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान नहीं हुआ है।



हालाँकि, यह लगभग स्पष्ट है कि भगवा पार्टी राज्य में शीर्ष पद के लिए पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पसंद कर सकती है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के महाराष्ट्र अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने एक्स को घोषणा की कि महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में होगा। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। तारीख की घोषणा महायुति के तीन घटक दलों भाजपा, राकांपा और शिवसेना के बीच खींचतान के बीच हुई है क्योंकि गठबंधन महाराष्ट्र में अगले मंत्रिमंडल में पोर्टफोलियो आवंटन पर अंतिम समझौते पर नहीं पहुंच पाया है। शपथ ग्रहण समारोह की तारीख और जगह तो तय हो गई है।

## हिमाचल में 3 दिन बर्फबारी का अलर्ट, 5 राज्यों में कोहरे की चेतावनी

# कश्मीर में -3.4°, मप्र में 36 साल का रिकॉर्ड टूटा

**विजय मत, भोपाल/ श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बर्फबारी के कारण देश के उत्तरी राज्यों में ठंड का असर बरकरार है। उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, बिहार, पंजाब और हरियाणा में घने कोहरे का भी अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल प्रदेश के पांच जिले किन्नौर, कुल्लू, लाहौल स्पीति, कांगड़ा और चंबा में 3 दिन तक बर्फबारी का अलर्ट है। इन जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज हो सकती है। उधर, कश्मीर में ठंड लगातार बढ़ जा रही



है। पहलगाम में रात का तापमान माइनस 3.4 डिग्री तक पहुंच गया है। श्रीनगर में तापमान माइनस 1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। उत्तरी राज्यों में बर्फबारी के कारण ठंडी हवाओं से मध्य प्रदेश में भी तापमान गिर रहा है। भोपाल में नवंबर का महीना 36 साल में सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां पारा 8.2 डिग्री पहुंच चुका है।मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की रात हिल स्टेशन पचमढ़ी से भी ठंडी हो गई है। गुरुवार-शुक्रवार की रात भोपाल में तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पचमढ़ी में पर 9.6 डिग्री रहा। सबसे ठंडा पूर्वी हिस्से का मंडला शहर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### होसबोले ने कहा-बांग्लादेश सरकार और अन्य एजेंसियां बनी हैं मूकदर्शक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चिन्मय कृष्ण दास की बांग्लादेश में गिरफ्तारी को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कड़ी आपत्ति जताई है। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने शनिवार को वक्तव्य जारी कर कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को बंद करने



की अपील की। उन्होंने कहा कि इस समय में भारत और वैश्विक समुदाय एवं संस्थाओं को बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़े होकर अपना समर्थन प्रकट करना चाहिए।

## सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर पर विद्रोहियों का कब्जा

# 250 की मौत, अलेप्पो में एयरपोर्ट-अस्पताल बंद, सरकार की मदद के लिए पहुंची रूसी सेना

**दमिश्क, एजेंसी**

सीरिया में विद्रोही गुट ने देश के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो और इदलिब के आधे से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक विद्रोही गुट में हयात तहरीर अल-शम और उसके सहयोगी संगठन शामिल हैं। इन्हें अलकायदा का समर्थन हासिल है। साल 2016 में सीरियाई सेना ने विद्रोहियों को खदेड़ दिया था। 8 साल बाद ऐसा फिर हो रहा है जब विद्रोही गुटों ने अलेप्पो पर कब्जा करने जा रहे हैं। एचटीएस ने 27 नवंबर को हमला किया था और शहर के अंदर घुस कर कई मिलिट्री ठिकानों पर कब्जा कर लिया था। सीरिया सरकार ने शनिवार को अलेप्पो एयरपोर्ट, हॉस्पिटल और शहर से जुड़ी सभी सड़कों को बंद कर दिया है। इस बीच रूस, सीरियाई सरकार की मदद में जुट गया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल अपनाने को तैयार पीसीबी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल अपनाने के लिए तैयार है, लेकिन उसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के समक्ष के अहम शर्त रख दी है। आईसीसी और सदस्य देशों के बीच शुक्रवार को वर्चुअल बैठक हुई थी जिसमें क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने





पीसीबी को अल्टीमेटम दिया था। आईसीसी ने पाकिस्तान बोर्ड से कहा था कि यह तो वह चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी हाइब्रिड मॉडल के तर्ज पर करने के लिए तैयार हो जाए या फिर टूर्नामेंट से बाहर होने के लिए तैयार रहे।

**विजय मत एंकर** दो भारतीय गगनयात्रियों ने प्रशिक्षण का शुरुआती चरण किया पूरा

# इसरो ने कहा-गगनयान अपनी रफ्तार से चल रहा

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत का मिशन गगनयान अपनी रफ्तार से चल रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के 'एक्सिओम-4 मिशन' के लिए चुने गए दो भारतीय गगनयात्रियों ने प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण पूरा कर लिया है। इसरो ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर इसरो एवं अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के संयुक्त प्रयास को पूरा करने के लक्ष्य की दिशा में 'एक्सिओम



मिशन 4' के लिए चुने गए दो गगनयात्रियों जिसमें प्राइम-ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और बैकअप-ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर ने अगस्त 2024 के पहले सप्ताह से अमेरिका में अपना प्रशिक्षण शुरू किया था। इसने कहा कि गगनयात्रियों ने प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि प्रशिक्षण के इस चरण में गगनयात्रियों ने मिशन से संबंधित जमीन पर मौजूद सुविधा केंद्रों का भ्रमण, मिशन के प्रक्षेपण चरणों का प्रारंभिक अवलोकन, स्पेसएक्स सूट की फिटिंग जांच और अंतरिक्ष भोजन विकल्पों का चयन करने समेत प्रारंभिक प्रशिक्षण से जुड़ी गतिविधियों को पूरा कर लिया है। इसके अलावा, प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों में गगनयात्रियों को 'स्पेसएक्स ड्रैगन' अंतरिक्ष यान और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की विभिन्न प्रणालियों से अवगत कराया गया। उन्हें अंतरिक्ष से फोटोग्राफी, दैनिक परिचालन दिनचर्या और संचार प्रोटोकॉल के बारे में बताया गया। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इस चरण में अंतरिक्ष में चिकित्सकीय आपात स्थितियों समेत विभिन्न प्रकार की आपात स्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। इससे आगे का प्रशिक्षण मुख्य रूप से अंतरिक्ष स्टेशन के अमेरिकी कक्षीय खंड के शेष मॉड्यूल पर केंद्रित होगा।


### निजी अस्पताल का बड़ा फैसला, बांग्लादेशी मरीजों का नहीं करेंगे इलाज

**अगरतला।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे हो रहे अत्याचार को लेकर भारत में कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।



प्रदर्शनकारियों के एक समूह के दबाव के बाद अगरतला स्थित एक मल्टी-स्पेशियलिटी निजी अस्पताल ने शनिवार को बांग्लादेशी नागरिकों का इलाज नहीं करने का फैसला किया। दरअसल,शनिवार दोपहर को अस्पताल के बाहर एक समूह विरोध प्रदर्शन कर रहा था, जिसके चलते अस्पताल ने यह फैसला लिया। आईएलएस अस्पताल अपनी निकटता और किफायती उपचार लागत के कारण पड़ोसी देश के मरीजों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य रहा है।

## न्यूज इन शॉर्ट



### मेडिकल स्टोर सहित रेस्टोरेंट पर की गई कार्रवाई

सागर। मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिला सुरक्षा खाद्य अधिकारी श्रीमती प्रीति राय, जिला अनुज्ञप्ति अधिकारी प्रिया स्वरूप एवं औषधि निरीक्षक मनीष सुमन के द्वारा विभिन्न खाद्य सामग्री की दुकानों, रेस्टोरेंट एवं मेडिकल स्टोर पर निरीक्षण की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली संचालित उचित मूल्य की दुकानों से फोर्टीफाग चावल एवं नमक की गुणवत्ता की जांच न्यूट्रिशन इंटरनेशनल भोपाल के साथ, पगारा रोड स्थित वेयर हाऊस, तिली तिराहा कन्ट्रोल संचालक अनिल पाराशर से फोर्टीफाग एवं नमक के नमूने जांच हेतु संग्रहित किये गए। तिली रोड स्थित विद्यासागर शॉपिंग मॉल से लेबिल संबंधी अनियमित्तताओं की जांच हेतु बेसन, वेज सेवइयां, रोस्टेड चना के नमूने लिए गए। राधाकृष्ण रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया जहां से हेना पाकीजा, हेना पेड़ा, टोस्ट के नमूने ,जांच हेतु संग्रहित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए।वही पायल रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार मेडिकल स्टोर की जांचों में आजाद मेडिकल स्टोर , सचिन मेडिकल स्टोर, सुनील मेडिकल स्टोर, दीपकमल मेडिकल स्टोर, न्यू संदीप मेडिकल स्टोर, अनुभव मेडिकल स्टोर, निदान मेडिकल स्टोर से सैंपल जांच की गई एवं नमूने लिए गए।

### सूर्या हॉस्पिटल बंद, नाबालिग के प्रसव पर कार्यवाही

सागर। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ममता तमौरी के द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए सूर्या मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल को बंद किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ममता तिमोरी ने बताया कि दिनांक 26/10/2024 को सूर्या मल्टी स्पैशलिटी हॉस्पिटल, रेल्वे स्टेशन रोड, सागर म.प्र. में नाबालिग लड़की का प्रसव कराया गया, जिसकी सूचना मिलने के बाद जिला नोडल म.प्र. उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनायें (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) जिला सागर ने दिनांक 27/11/2024 को सूर्या मल्टी स्पैशलिटी हॉस्पिटल में जांच की जिसमें नाबालिग लड़की के प्रसव से संबंधित दस्तावेज लिए साथ ही उक्त हॉस्पिटल को नाबालिग लड़की का प्रसव कराने के संबंध में स्पष्टीकरण देने बावत पत्र जारी किया गया 7 पूर्व में दिनांक 14/10/2024 को सूर्या मल्टी स्पैशलिटी हॉस्पिटल का पंजीयन डॉ राहुल धाकड़ (एमबीबीएस) की जगह डॉ प्रदीप रोहण (एमबीबीएस एमडी) आवेदन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जमा किया गया था। उक्त आवेदन में डॉ प्रदीप रोहण की सहमति पत्र का भी लेख था परंतु पत्र के साथ यह दस्तावेज संलग्न नहीं था। डॉ प्रदीप रोहण से दूरभाष पर बात करने पर उनके द्वारा सहमति पत्र देने की बात कही गई, परंतु दिनांक 28/11/2024 तक जमा नहीं किया गया 7 दिनांक 30/11/2024 को इस कार्यालय से गठित दल ने सूर्या मल्टी स्पैशलिटी हॉस्पिटल रेल्वे स्टेशन रोड जाकर हॉस्पिटल को बंद किया।

### सागर सांसद, विधायक ने साथ देखी साबरमती फिल्म

सागर। सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े , नगर विधायक शैलेंद्र जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार , पूर्व विधायक भानु राना, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष हरिराम सिह ठाकुर सहित निगम पार्षदों, पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ प्लेटिनम प्लाजा सिनेमा हॉल में साबरमती फिल्म देखी और फिल्म को समाज में जागरूकता फैलाने का एक प्रभावी माध्यम बताया और इसके द्वारा प्रस्तुत सच्चाई की सराहना की। सांसद वानखेड़े ने कहा कि समाज को उन मुद्दों से परिचित कराया जा सकता है।



सागर। युवा नेता अभिराज सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष में भजन संध्या पर सिंधी समाज के युवा नेता अमित लालवानी ने बधाई दी।

# अभियान के अंतर्गत निकाली गई मिनी मैराथन रैली, दिखा उत्साह

**विजय मत, सागर**

महिलाओं के विरूद्ध हिंसा के रोकथाम हेतु हम होंगे कामयाब शक्ति अभियान एवं बाल विवाह विरुद्ध अभियान के तहत कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर महिला बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम की श्रृंखला में मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, मैराथन दौड़ का शुभारंभ विधायक शैलेंद्र जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन दौड़ में महिला बाल विकास के अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राएं, सी एम राइस महारानी कन्या विद्यालय की छात्राएं, खेल एवं युवा कल्याण विभाग खेल परिसर की प्रतियोगी, स्पोर्ट पर्सन, एन सी सी की छात्राएं, पुलिस-कर्मियों सहित अन्य विभागीय साथियों ने मिनी मैराथन रैली में सहभागिता की,इस अवसर पर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि हिंदुस्तान की आधी आबादी महिलाओं की है जो हमारी इस व्यवस्था का अभिन्न अंग है लेकिन आज भी घरेलू हिंसा और बाल विवाह के कारण अनेकों महिलाओं को बहुत बड़ी परेशानियों



का सामना करना पड़ता है लेकिन यदि हमारी बहने जागरूकता के साथ अपनी इन मुसीबतों के खिलाफ आवाज उठाएगी तो शासन ओर प्रशासन उनकी मदद कर पाएगा पर उसके लिए आवाज उठाना बहुत जरूरी है। मिनी मैराथन रैली का शुभारंभ खेल परिसर से हुआ और समापन नगर निगम सिटी स्टेडियम में हुआ जहां जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन जिला, परियोजना अधिकारी गिरीश मिश्रा ने प्रथम द्वितीय तिथि स्थान आने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मिनी मैराथन रैली में महिला बाल विकास अधिकारी बृजेश त्रिपाठी, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, जिला परियोजना अधिकारी गिरीश मिश्रा, श्रीमती सोनम नामदेव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## नरयावली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित खेल महोत्सव का समापन

# खेल महोत्सव के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका: मंत्री पटेल

**विजय मत, सागर**

विधायक खेल महोत्सव के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । उक्त विचार मध्य प्रदेश शासन के मंत्री श्री लखन पटेल ने नरयावली विधायक प्रदीप लारिया के द्वारा नरयावली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित खेल महोत्सव के रंगारंग समापन अवसर पर व्यक्त किए। मंत्री लखन पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की खिलाड़ियों के लिए खेल महोत्सव मील का पत्थर साबित होगा और इसकी शुरुआत विधायक श्री प्रदीप लारिया ने की है। उन्होंने कहा कि इस खेल महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभागी अपनी प्रतिभा को निकालने का काम करते हैं और इसी के माध्यम से आगे बढ़ते हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देना और युवाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना था। महोत्सव में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया था, जिनमें कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल और रस्साकशी सहित अन्य खेल शामिल थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इन खेलों में ग्रामीण खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अपने स्कूल



का प्रतिनिधित्व किया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल महोत्सव के माध्यम से सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर विधायक प्रदीप लारिया ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सभी को खेल अत्यंत आवश्यक होते हैं इसलिए हमें अपने दिनचर्या में खेल को शामिल करना चाहिए और खेलना चाहिए।विधायक श्री लरिया ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का कार्य विकास के साथ-साथ खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों की सर्वांगीण विकास का भी होता है इस खेल महोत्सव से विद्यार्थी अपने शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ खेल भी खेल लेते हैं और अपना विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से विद्यार्थी अपना आगे का भविष्य तय कर सकता है और आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि आज इस खेल महोत्सव में 30 स्कूलों के 4000 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और खेल-खेले। विधायक श्री लारिया ने कहा कि आज जो खिलाड़ी पराजित हुए हैं वो सभी और मेहनत करके विजय श्री प्राप्त करेंगे ऐसा आज वह संकल्प लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि आने वाली 5 दिसंबर से सागर में विधायक खेल महोत्सव शहरी का आयोजन होगा जिसमें नगरीय विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय खेल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। जिला पंचायत के अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि आज इस प्रतियोगिता में आकर मुझे अपने बचपन की यादें ताजा हो गई जब हम सभी इसी प्रकार स्कूल में खेल खेला करते थे, उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी खेलना चाहता है उसके लिए खेल महोत्सव उचित प्लेटफार्म है और इसी प्लेटफार्म के माध्यम से वह आगे बढ़ सकता है उन्होंने कहा कि पढ़ने लिखने के साथ सभी को खेलने अत्यंत आवश्यक है खेलने से एवं पढ़ने से सम्पूर्ण विकास होता है। कार्यक्रम की शुभारंभ अवसर पर सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की बैंड दल एवं फील्ड मार्शल रविंद्र खाटोल की नेतृत्व में मार्च पास्ट का आयोजन किया गया सभी अतिथियों द्वारा खड़े होकर सलामी दी गई। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक स्तुतियां भी प्रस्तुत की गई। सभी अतिथियों द्वारा खेल महोत्सव में विजय होने पर पुरस्कार वितरण भी किये। इस अवसर पर श्याम सुंदर मिश्रा, बलवंत यादव, राघवेंद्र सिंह, पप्पू फुसकेले, नायब विवेक सक्सेना सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी मौजूद थे।

## ट्रेक्टर ट्राली और लोड मसूर चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विजय मत, सागर**

फरियादी अंकित जैन पिता जयकुमार जैन उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम सानौधा ने थाना पर उपस्थित आकर रिपोर्ट कराई कि दिनांक 24/11/2024 की रात्री में मैंने अपना ट्रेक्टर ट्राली के जिसमे करीब 30 क्विंटल मसूर लोड थी घर के बाहर खडा कर दिया था। दिनांक 25/11/2024 के सुबह उठकर देखा तो अज्ञात चोर ट्रेक्टर ट्राली एवं 30 क्विंटल मसूर कुल कीमती सात लाख पचास हजार रूपये के चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 382/24 धारा 303(2) बीएनएस कायम किया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल को संपूर्ण घटना क्रम से अवगत करवाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियो की गिरफ्तारी एवं चोरी गए ट्रैक्टर को मसूर सहित बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना संजीव उईके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश सिन्हा एवं एसडीओपी रहली प्रकाश मिश्रा के निर्देशन में आरोपियो एवं चोरी गए ट्रेक्टर की तलाश हेतु सभी तरह के प्रयास किए गए एवं मुखबिर तंत्र को भी अधिक सक्रिय किया जाकर टीम बनाकर पातासाजी के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि आरोपियो द्वारा ट्रेक्टर ट्राली को रौन थाना गढाकोटा के पास पलटा दिया है एवं छोड कर भाग गये है। ग्राम रौन से ट्रेक्टर ट्राली एवं मसूर की बोरिया जप्त की गई। आरोपियो द्वारा फरियादी के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड दिये गये थे आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु घटना स्थल के आस पास एवं सानौधा से गढाकोटा के बीचे पडने वाले ढाबो एवं पेट्रोल पंप आदि के सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये। इसी क्रम में नयाखेडा आपचंद के पास इंडियन ढाबा के सीसीटीवी कैमरे में संदेही ट्रेक्टर ट्राली ले जाते हुये मिले परन्तु फुटेज बहुत धुंधले होने से स्पष्ट पहचान नहीं हो पा रही थी पुलिस टीमों द्वारा लगातार धुंधले फुटेज से पहचान हेतु लगातार प्रयास किए जाने के परिणाम स्वरूप संदेहियो में से एक की पहचान टक्कल उर्फ सरताज अली निवासी सानौधा के रूप में हुई। जिसे दस्तयाब कर पूंछतांछ की गई जिसने अपने साथियो के नाम जफर अली एवं अभिषेक अहिरवार निवासियान सानौधा के बताये। दिनांक 29/11/2024 को आरोपीगण टक्कल उर्फ सरताज अली पिता मुख्तार अली उम्र 32 वर्ष, जफर अली पिता अकबर अली उम्र 26 वर्ष एवं अभिषेक अहिरवार पिता प्रकाश अहिरवार उम्र 22 वर्ष निवासियान सानौधा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। प्रकरण में आरोपी जफर अली एक आदतन अपराधी है इसके विरूद्ध पूर्व से दो अपराध मारपीट के थाना सानौधा पर पंजीबद्ध है। आरोपियो अन्य मामले भी दर्ज हैं।

## रोशनी बनी परिवार की रोशनी, सरकार की योजना का लाभ लेकर खोला क्योस्क बैंक

**विजय मत, सागर**

सरकार की महिलाओं के लिए यह अनूठी पहल स्वयं सहायता समूहों का उद्देश्य वित्तीय सेवाएं आय.उत्पादक गतिविधियां और आजीविका के अवसर उपलब्ध कराकर गरीबी को कम करना है। इसके अलावा महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सुधार कर उन्हें सशक्त बनाना है। सरकार की राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना का लाभ लेकर रोशनी अहिरवार परिवार के लिए रोशनी बनी है। सागर जिले के खुरई निवासी रोशनी अहिरवार ने सरकार की योजना स्व सहायता समूह का लाभ लेकर सेंट्रल बैंक का क्योस्क बैंक खोल लिया है। श्रीमती रोशनी अहिरवार बताती है कि वे एक शिक्षित महिला है उनके पति सोशल अटेंडर पंचायत विभाग में कार्यरत हैं। मैंने भी स्व सहायता समूह योजना का लाभ लेकर गैर वित्तीय बैंक सखी का कार्य किया और बैंक से पैसे निकालने वाला क्योस्क बैंक खोल लिया। अब मैं बैंक से पैसे निकालने का कार्य भी करती हूं। इससे मैंने स्वयं का पक्का मकान बनवा लिया।

**पैसे की मांग को लेकर एसडीएम से शिकायत: बीना।** ग्राम पंचायत मुहांसा के शासकीय माध्यमिक शाला के हैड मास्टर मनोज ठाकुर द्वारा जसोदा स्वा सहायता समूह की अध्यक्ष जसोदा पाल से रूपए मांगे गये थे। जसोदा पाल ने पैसे देने से मना कर दिया था जिसके चलते हैड मास्टर मनोज ठाकुर ने झूठी शिकायत करके समूह को निरस्त करा दिया था। बीआरसी लोकमन चौधरी खुरई ने बताया कि पुराना समूह बंद करा दिया है। वर्तमान में ग्राम पंचायत मुहांसा द्वारा संचालित किया जा रहा है।पंचायत द्वारा जैसे ही प्रस्ताव आयेगा तत्काल समूह बना दिया जायेगा। ग्राम पंचायत मुहांसा के सरपंच रूपसिंह कुशवाहा पर भोजन बनाने बाली महिलाओं ने आरोप लगाए।

## सिंधी समाज के लोगों ने सिंधी कॉलोनी से निकाली विशाल शोभायात्रा



**विजय मत, बीना**

बीना/हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति के तत्वावधान में सिंधी समाज के लोगों ने सिंधी कॉलोनी से निकाली विशाल शोभायात्रा, हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति की ओर से हरे माधव प्राकट्य दिवस,शाम को हुआ सत्संग का आयोजन।गौरतलब है कि गांधी वार्ड स्थित सिंधी कॉलोनी में शनिवार को हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति की ओर से हरे माधव प्राकट्य दिवस के मौके पर भक्तों ने शोभायात्रा निकाली। हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति के तत्वावधान में सिंधी समाज के लोगों ने सिंधी कॉलोनी से विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में शामिल भक्त भगवान के भजनों जमकर थिरकते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा भी की जा रही थी। कॉलोनी से नगर प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। जिसका हरे माधव दरबार में समापन हुआ। शनिवार की शाम 6 बजे गांधी वार्ड स्थित सिंधी कॉलोनी में हरे माधव सत्संग घर में हरे माधव का सत्संग हुआ। लोग उत्साहित दिखे।

## राजस्व अधिकारी प्रकरणों का निराकरण शिविर लगाकर करें: अपर कलेक्टर

**विजय मत, सागर**

राजस्व महा अभियान 3.0 के तहत राजस्व अधिकारी, राजस्व विभाग के सभी प्रकरणों का निराकरण ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर करें। उक्त निर्देश अपर कलेक्टर श्री रुपेश उपाध्याय ने बंडा शाहगढ़ में राजस्व अभियान की समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर एसडीएम श्री गगन बिसेन, तहसीलदार सहित अन्य विभाग अधिकारी मौजूद थे। अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय ने जिले के बंडा एवं शाहगढ़ में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कहा कि सभी राजस्व अधिकारी राजस्व विभाग के सभी प्रकारों का निराकरण करें और इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाए , शिविर के पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में मुनादी कराई जाए जिससे कि संपूर्ण ग्रामवासियों को अवगत कराया जा सके की शिविर का आयोजन हो रहा है और लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। अपर कलेक्टर श्री उपाध्याय ने राजस्व अधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि वह कैंप कोर्ट अर्थात न्यायालय आपके द्वार के माध्यम से प्रकरणों को हल करें । कैंप कोर्ट के माध्यम से गांव गांव शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। अपर कलेक्टर ने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे मूल कार्य 30 दिवस से अधिक लंबित न रहे। जैसे ही राजस्व अधिकारियों के समक्ष प्रकरण आए, उसे चिन्हित कर त्वरित रूप से आवश्यक कार्रवाई की जाए। पटवारी भी अपने क्षेत्र या अपनी तहसील में निवास करे। तथा क्षेत्र की महत्वपूर्ण सूचनाएं राजस्व अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त कर निराकरण करे। शिविर का कार्यक्रम तैयार कर आदेश के साथ संलग्न किया जा रहा है।

## खास खबर

### चार ग्रामों में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

# सीएम के मार्गदर्शन में विकास के लिए काम कर रहे हैं: विधायक

**विजय मत, बीना**

शनिवार को बीना विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न ग्रामों में महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इन कार्यों से न केवल क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को बेहतर जीवनस्तर और सुविधाएं प्राप्त होंगी। ग्राम बसाहरी में 20 लाख रुपये की लागत से रविदास मंदिर से ग्राम की ओर सी.सी. रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।इस सड़क निर्माण से ग्रामवासियों को बेहतर यातायात की सुविधा मिलेगी। ग्राम निवारी में इस ग्राम में 15 लाख रुपये की लागत से मुख्य मार्ग से ग्राम व मंदिर की ओर सी.सी. रोड निर्माण कार्य और 20 लाख रुपये की लागत से



सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। ये कार्य ग्रामीणों की सामाजिक और यातायात सुविधाओं में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। ग्राम गिरहनी में 6 लाख रुपये की लागत से सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया, जिससे ग्रामवासियों को बेहतर सड़क सुविधा प्राप्त होगी। ग्राम खड़ेसरा में 14 लाख रुपये की लागत से मुख्य मार्ग से ग्राम लहटवास के हनुमान मंदिर की ओर और 14 लाख रुपये की लागत से मुख्य मार्ग से ढिकुआ ग्राम की ओर सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इन कार्यों से ग्रामीणों को यात्रा में सुविधा और सड़क की गुणवत्ता में सुधार होगा। विधायक निर्मला सप्रे ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता बीना विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना है। इन विकास कार्यों से बीना के नागरिकों को बेहतर सड़कों, सुविधाओं और एक समृद्ध जीवन का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में हम निरंतर क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रहे हैं। इन परियोजनाओं से बीना विधानसभा क्षेत्र में यातायात, सामाजिक और बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार होगा, जो क्षेत्रवासियों के जीवनस्तर को ऊंचा उठाएगा। इस अवसर पर ग्रामवासियों, वरिष्ठ नेतागण, कार्यकर्ता एवं जन प्रतिनिधिगण उपस्थित थे, जिन्होंने इन विकास कार्यों की सराहना की और उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# एचआईवी एड्स के कारण जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि


**विजय मत, बीना**

शनिवार को विश्व एड्स दिवस कि पूर्व संध्या में गांधी तिराहे पर एचआईवी एड्स की जानकारी के अभाव में जीवन खो देने वाले लोगों केंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई द्य लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्थान एवं साधना फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधक रोहित तिवारी ने बताया कि 01 तारीख से 07 दिसंबर तक किया जाएगा एचआईवी जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा जिसमे विभिन्न स्थानों पर एचआईवी एड्स जागरूकता हेतु कार्यक्रम किए जायेगे जिससे लोग जागरूक हो और फिर कोई इस बीमारी से अपनी जान न गवाये। परियोजना एम एण्ड ई यश कुमार झा ने बताया कि मध्यप्रदेश एड्स नियंत्रण समिति के इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम है अधिकारों की राह अपनाएं मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार इस थीम का तात्पर्य यह है कि स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। यदि प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा की जाए तो एड्स महामारी को विश्व से समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में एचआईवी जागरूकता के बारे में सलाह लेने एवं किसी भी प्रकार कि समस्या होने पर सिविल अस्पताल बीना में संपर्क करने को कहा गया और एचआईवी के कारणों और निदान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में अंत में सभी ने मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दमयन्ती दाँगी शबाना खान, अंजना ,दुर्गा रैकवार, उपस्थित रहे।

**4 और दुकानदारों को नोटिस: सागर।** शहर में बेहतर परिवहन एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मकरोनिया नगर पालिका सीएमओ श्री पवन शर्मा ने 4 और दुकानदारों को नोटिस जारी किया है। जिनमें हीरो सर्विस सेंटर, शांति नर्सिंग होम , डॉ. जिनेश जैन नारायण हॉस्पिटल, डॉ. जी.एस. चौबे शामिल हैं।

## पं. धीरेंद्र शास्त्री बोले-हम मुसलमानों के खिलाफ नहीं

# हिंदू युवा सम्मेलन में कहा-अकेले रहोंगे तो कश्मीरी हिंदुओं की तरह भागना पड़ेगा



**विजय मत, ब्यूरो, इंदौर**

इंदौर के लालबाग परिसर में शनिवार को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हिंदू युवा सम्मेलन में शामिल हुए। रग-रग हिंदू मेरा परिचय विषय पर लोगों को संबोधित किया। कहा- हम मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। हम केवल हिंदू-हिंदू करते हैं। हम केवल हिंदुओं के पक्ष में हैं। एक आदमी इंदौर का चला जा रहा था। रास्ते में पत्थर दिखा उठा लिया। कुत्ता दिखा उसे मार दिया। अच्छा इंदौर में कुत्ते होते ही हैं। हर जगह होते हैं। बुरा मत मानना। आप लोग किसी और को कुत्ता मत बना देना। हम मर जाएंगे। वैसे ही हम थ्रेट में चल रहे हैं। उन्होंने कहा- एक आदमी ने पत्थर उठाया कुत्ता भाग गया। वही पत्थर उठाया मधुमक्खी को मारा। आदमी भाग गया। क्योंकि मधुमक्खियां एकट्ठी थी। इंदौर के हिंदुओं तुम अकेले रहोंगे तो कश्मीरी हिंदुओं की तरह भागना पड़ेगा और एकत्रित रहेंगे तो धर्म विरोधियों को देश छोड़कर भागना पड़ेगा।

***देश में हिंदू एक हो रहा...*** *विमानतल पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने चर्चा में कहा कि देश में हिंदू एकजुट हो रहा है। देश में छुआछूत को लेकर भी क्रांति खड़ी हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है, लेकिन इंदौर का प्रेम मुझे खींच लाया। सम्मेलन में मालवा निमाड़ के संत मौजूद रहे। बता दें कि धीरेंद्र शास्त्री सम्मेलन में पांच घंटे देरी से आए। पहले आयोजन दोपहर एक बजे करने की घोषणा की। लालबाग में भीड़ भी जुटने लगी, लेकिन शास्त्री पांच घंटे देरी से सम्मेलन स्थल पर आए। छह बजे के बाद सम्मेलन शुरू हुआ। इस कारण कुछ ब्लॉक भी खाली रहे।*

### स्वागत में किया हनुमान चालीसा का पाठ

इससे पहले पं.धीरेंद्र शास्त्री के स्वागत के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इंदौर पहुंचने पर उन्होंने कहा- कल ही हमने यात्रा को विराम किया। हमारा तन बुढ़ापा का है। लगातार चलने के कारण थकावट थी। लेकिन, हमारे प्राण खा लिए। जबरदस्ती पीछे पड़कर कहा कि आना ही पड़ेगा। इसलिए हम नाराज हैं।

### बंट गए तो हम कम हो गए

हम भेदभाव में बंट गए तो हम कम हो गए। बहुत चिंतनीय विषय है। रंगून में भी हिंदू रहते थे, वर्मा में भी हिंदू रहते थे।

### लोग बोलते हैं कि बाबा आप क्या करोंगे

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा- बहुत से लोग बोलते हैं कि बाबा आप क्या करोंगे, हम कहते हैं कि करके बताएं। हमारा उद्देश्य और सपना अलग है। हम मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। हम केवल हिंदू-हिंदू करते हैं। हम केवल हिंदूओं के पक्ष में हैं।

## भोपाल गैस त्रासदी: कैंसर और किडनी रोगों से पीड़ितों के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

### 5 लाख रुपये अतिरिक्त मुआवजे की मांग

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल गैस पीड़ित महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष नवाब खान ने सुप्रीम कोर्ट के 1991 और 2023 के आदेशों का जिक्र करते हुए कहा कि पीड़ितों को मुआवजे की कमी की भरपाई सरकार को करनी होगी। उन्होंने कैंसर और किडनी रोगों से पीड़ित पीड़ितों के लिए न्यूनतम 5 लाख रुपये के अतिरिक्त मुआवजे की मांग की। भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों के चार प्रमुख संगठनों ने शनिवार को एक पत्रकार वार्ता में सर्वोच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका की जानकारी दी। यह याचिका कैंसर और घातक किडनी रोगों से ग्रस्त पीड़ितों को अपर्याप्त मुआवजा मिलने के खिलाफ है। संगठनों ने पीड़ितों के स्वास्थ्य क्षति के गलत वर्गीकरण को अस्थायी से स्थायी श्रेणी में बदलने और अतिरिक्त मुआवजे की मांग की है।



### गैस पीड़ितों के साथ हुआ अन्याय

भोपाल गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संगठन की अध्यक्ष रशीदा बी ने बताया कि सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, कैंसर से पीड़ित 11,278 व्यक्तियों में से 90त्न और घातक किडनी रोगों से पीड़ित 1,855 व्यक्तियों में से 91त्न को केवल 25,000 रुपये का मुआवजा दिया गया। उन्होंने इसे अत्यंत अन्यायपूर्ण बताया। भोपाल गैस पीड़ित निराश्रित पेंशनभोगी संघर्ष मोर्चा के बालकृष्ण नामदेव ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि ओडिशा के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डॉ. एस. मुरलीधर ने हमारे मामले को सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत किया।

### स्थायी क्षति के बावजूद अस्थायी वर्गीकरण

भोपाल ग्रुप फॉर इंफॉर्मेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा ने यूनियन कार्बाइड के दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा कि मिथाइल आइसोसाइनेट से स्वास्थ्य को स्थायी क्षति होती है। इसके बावजूद 93त्न दावेदारों को फ्रअस्थायीफ्र तौर पर प्रभावित माना गया, जिसके कारण उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि गैस पीड़ितों को अपर्याप्त मुआवजा मिलने के पीछे यही मुख्य कारण है। भोपाल गैस पीड़ित महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष नवाब खान ने सुप्रीम कोर्ट के 1991 और 2023 के आदेशों का जिक्र करते हुए कहा कि पीड़ितों को मुआवजे की कमी की भरपाई सरकार को करनी होगी।

## न्यूज इन शॉर्ट

### अचानक गिरकर कोमा में गये युवक ने दो दिन बाद एम्स में तोड़ा दम

**भोपाल।** शहर के हबीबगंज थाना क्षेत्र एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने की घटना सामने आई है। मृतक अचानक ही गश खाकर गिरकर कोमा में चला गया था, जिसकी एम्स मे इलाज के दौरान दो दिन बाद मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित सोनागिरी के पास सतनामी नगर में रहने वाला कोमल पाटले पिता बिछत पाटले (18) अपने जीजा भुवन मार्कण्डय के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता था। कोमल की युवक की बचपन से ही परवरिश उसके जीजा ने की थी। 27 नवंबर को वह थाना क्षेत्र में स्थित अंकुर स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगाने आया था। कैमरे लगाने के दौरान वह मोबाइल पर बातचीत करते हुए अकुंर स्कूल के पीछे क्रिकेट मैदान में चला गया, और अचानक ही गश खाकर गिर गया। बाद में जीजा भुवन मार्कण्डय ने उसे इलाज के लिए उसे भोपाल एम्स में भर्ती कराया था, जहॉ इलाज के दौरान शुक्रवार दोपहर कोमा की हालत में ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है, कि फूल पीएम रिर्पोट आने पर ही मौत का सही कारण सामने आ सकेगा।

### फुटपाथ पर मिली अधेड़ की लाश, ठंड से मौत की आशंका

**भोपाल।** शहर के तलैया थाना इलाके में पूलिस ने फुटपाथ से एक अधेड़ की लाश बरामद की है। आशंका है, की उसकी मौत ठंड के कारण हुई है। थाना पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम मीनाबाई नामक महिला ने काली मंदिर के पास फुटपाथ पर एक व्यक्ति की लाश पड़े होने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम की शुरुआती जॉच में शव की पहचान पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित सोनागिरी इलाके में रहने वाले गोरेलाल साहू पिता नंदराम साहू (42) के रूप में हुई। कपड़ों की तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक मोबाइल नंबर मिला। संपर्क करने पर पता चला की वह नंबर मृतक के परिजनों का है। मौके पर पहुंचे परिवार वालो ने पुलिस को बताया कि मतृक गोरेलाल साहू का 13 साल का एक बेटा भी है, और उसकी पत्नी की 12 साल पहले मौत हो चुकी थी। पत्नि की मौत के बाद उसने घर छोड़ दिया और कभी घर वापस नहीं लौटा था। परिवार वालो ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नही लगने पर थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। उसके लापता होने के बाद उसके बेटे की परवरिश छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर बस्ती में रहते नाना-नानी ने की थी। पुलिस से सूचना मिलने के बाद बेटे ने पहली बार देखा वो भी मृत हालत में। मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया गया है। पुलिस का कहना है, कि मौत का सही कारण पीएम रिर्पोट आने के बाद ही साफ हो सकेगा है।

### पार्टी के दौरान हुआ विवाद, साथियों ने थाने के गेट पर ही तलवार मारी

**भोपाल।** अवधपुरी थाना क्षेत्र इलाके में हुए आपसी विवाद के दौरान आरोपियो ने थाने के भीतर भाग कर जा रहे अपने साथी को थाने के गेट पर ही मारपीट कर डाली। बैखौफ बदमाशो ने थाने के गेट पर ही तलवार भी मारी। पुलिस ने सभी आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार अवधपुरी स्थित निर्मल पैलेस में रहने वाला नितिन यादव पिता राजकुमार यादव (29) जेसीबी और डंपर चलाने का काम करता है। 28- 29 नवंबर की दरमियानी रात वह अपने साथियों रोहित अहिरवार, हरीश सूर्यवंशी, यश अहिरवार, लक्की सूर्यवंशी, अवनेश, भारत और शेखर के साथ आधारशिला इलाके में पार्टी कर रहा था। इसी बीच रोहित अहिरवार की किसी बात को लेकर बहसबाजी हो गई। विवाद बढ़ने पर मारपीट होने लगी और तलवार निकल आई। नितिन को लगा की अब मामला पुलिस तक पहुंचेगा इस केस में वह भी फंस जाएगा। यह सोच वह जान बचाने के लिए अवधपुरी थाने की तरफ भागा। उसके पीछे आरोपी दोस्त भी उसे पकड़ने के लिये दौड़े। नितिन थाने के गेट के सामने पहुंचा तब उसे दोस्तों ने दबोच लिया और जमकर मारपीट करनी शुरु कर दी। आरोपियो ने दबंगई दिखाते हुए तलवार का एक वार थाने के गेट पर भी कर दिया। तलवार के वार से गेट को नुकसान भी पहुंचा है। जानकारी मिलने पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मारपीट, धमकाने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित अन्य धाराओ में मामला कायम कर सभी तत्काल घेराबंदी कर दबोच लिया। बताया गया है की आरोपियो की करतूत थाने के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है।

## अग्नि हादसे से लिया सबक, जेपी अस्पताल में लगाया गया फायर सेफ्टी सिस्टम

**विजय मत, भोपाल**




बीते दो साल पहले कमला नेहरू गैस राहत अस्पताल की तीसरी मंजिल पर बने बच्चा वार्ड के एसएनसीयू में आगजनी की घटना के बाद अस्पतालों में सुरक्षा के इंतजाम चौकस रखने का सिलसिला जारी है। इसी के चलते शहर के जय प्रकाश जिला अस्पताल में फायर सेटी सिस्टम लगाया गया है।

यह प्रदेश का पहला जिला अस्पताल है, जहां इतना बड़ा और उन्नत फायर सेफ्टी प्रणाली को स्थापित किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन ने इस नई प्रणाली की स्थापना के लिए तीन चरणों की योजना तैयार की है, जिसमें से दो चरण पूरे हो चुके हैं।

***इस हिस्से में लगाया गया फायर सिस्टम...*** *अस्पताल के बी ब्लाक में ये फायर सेफ्टी सिस्टम लगाए गए हैं। इस नए सिस्टम की खासियत यह है कि इसमें पूरे परिसर को कवर किया गया है। कहीं भी हल्का सा धुंआ उठते ही अलार्म बजना शुरू हो जाएगा। इसके बाद जैसे ही हीटिंग टेंम्परेचर बढ़ेगा, आटोमेटिक पाइप लाइन में लगे स्प्रिंकलर से पानी निकलना शुरू हो जाएगा, जिससे आग पर काबू पाया जा सकेगा।*

### दो चरण का काम पूरा

अस्पताल में अलार्म सिस्टम एक्टिवेट हो चुका है। इसकी पड़ताल माक ड्रिल कर की जा चुकी है। यह प्रोजेक्ट का पहला चरण था। इसके बाद पाइपलाइन से जोड़कर पूरे परिसर में स्प्रिंकलर लगाने का कार्य भी पूरा हो गया है। अब अंतिम चरण के तहत पाइप लाइन को 50 हजार लीटर की कैपेसिटी वाले टैंक से जोड़ा जाना है। जिसकी प्रक्रिया चल रही है।

### इनका कहना है

यह फायर सेफ्टी सिस्टम सुरक्षा उपाय के साथ अस्पताल के बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण सुधार है। इससे मरीजों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। मरीजों का अस्पताल के प्रति भरोसे और मजबूत होगा।

■ **डॉ. राकेश श्रीवास्तव**, सिविल सर्जन, जेपी अस्पताल

## राज्य मंत्री गौर ने 2 करोड़ 15 लाख के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन

**विजय मत, भोपाल**



गोविंदपुरा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों का सिलसिला जारी है और यह सब क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से हो रहा है। नागरिकों को किए गए वादे के अनुसार क्षेत्र में विकास कार्यों में कमी नहीं रहने दी जाएगी। यह बात पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा विधानसभा के वार्ड 64 में 2 करोड़ 15 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान कहीं।

गौर ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 64 के सोनागिरी में पद्मावती पार्क के पास 28 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड और सोनागिरी के नोबल स्कूल शिव मंदिर के पास 18 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमि-पूजन किया।

उन्होंने सुभाष पार्क एवं दीनदयाल पार्क के पास 24 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड डामरीकरण और सेंट पॉल स्कूल के पास 37 लाख 85 हजार की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य एवं डामरीकरण का भूमि-पूजन किया। गौर ने वार्ड 64 के भेल नगर और विकास नगर में आरसीसी नाली निर्माण और सड़क कार्यों का भूमि-पूजन किया, जिसकी लागत लगभग 40 लाख रुपए है। राज सम्राट कॉलोनी एवं अयोध्या एक्सटेंशन कॉलोनी में 25 लाख रुपए की लागत से बाउंड्री वॉल, पाथवे और सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

## भोपाल में लगे वक्फ बोर्ड वक्फ बोर्ड हटाओ भारत बचाओ के लगे पोस्टर

### सीसीटीवी खंगाल कर रही लगाने वाले की तलाश

**विजय मत, भोपाल**




राजधानी भोपाल में मिंटो हॉल के बाहर शनिवार को अज्ञात व्यक्ति द्वारा वक्फ बोर्ड हटाओ भारत बचाओ के पोस्टर लगा दिए गए। इस बैनर पर किसी व्यक्ति या संस्था का नाम नहीं लिखा है। पुलिस ने संज्ञान लेते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालते हुए इसे लगाने वाले की तलाश शुरु कर दी है। घटना को लेकर अरेरा हिल्स थाना पुलिस का कहना है, पोस्टर लगे होने की जानकारी शनिवार दोपहर को मिली। हालांकि यह पोस्टर किसने लगाए फिलहाल इसकी जानकारी नहीं लग सकी है। जानकारी जुटाने के लिये थाने की दो पुलिस टीमें घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही हैं। जॉच में पोस्टर लगाने वालों की पहचान किये जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पता पूछने के बहाने मारपीट कर चैन लूटने वाले बदमाशों की तलाश जारी

**भोपाल।** हबीबगंज थाना इलाके में दो दिन पहले रात करीब 11 बजे तीन बदमाशो ने एक सरकारी कर्मचारी को पता पूछने के बहाने रोका और फिर उससे मारपीट कर गले में पहनी सोने की चेन छीनकर फरार हो गये। जॉच के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला कायम कर पुलिस ने हुलिये के आधार पर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ग्यारह सौ क्वार्टर हबीबगंज में रहेन वाले योगेंद्र सिंह चौहान (59) ने लिखित शिकायत करते हुए बताया की वह नर्मदा भवन में नौकरी करते हैं। गुरुवार रात करीब 11 बजे वह घर के बाहर टहलते हुए जा रहे थे। पंजाब नेशनल बैंक के सामने मेन रोड पर पहुंचने पर वहां खड़े कुछ युवको में से एक युवक उनके पास आया और ई-9 अरेरा कालोनी का पता पूछने लगा। वह उसे पता समझा रहे थे, उसी समय उसके दो साथी भी वहा आ गए। इस बीच एक युवक ने उन्हें गालियां देते हुए मारपीट करनी शुरु कर दी। इससे वह नीचे गिर गए और एक आरोपी ने उनके गले से सोने की चैन खींचने का प्रयास किया। बदमाशो की नियत भांपते हुए योगेंद्र ने अपनी चेन पकड़ ली जिससे वह टूट गई।

## जीजी फ्लाईओवर के डिजाइन में खामी एक हिस्सा तोड़कर फिर बनाया जाएगा

### मैनिट के एक्सपर्ट और ट्रैफिक के अधिकारियों ने किया मुआयना

**विजय मत, भोपाल**

शहर की जनता जिस जीजी फ्लाईओवर के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रही है। उस ब्रिज की गलत डिजाइन अब ट्रैफिक पुलिस के लिए गले की हड्डी बन गई है। दरअसल ब्रिज का भोपाल हाट की तरफ का बना हुआ हिस्सा सुरक्षित यातायात के मानकों पर खरा नहीं उतरा है। इसलिए ब्रिज के शुरुआती हिस्से को तोड़कर दोबारा नए सिरे से बनाया जाएगा। ताकि भोपाल हाट की तरफ से चौराहे की तरफ जाने वाले ट्रैफिक और ब्रिज से नीचे की तरफ आने वाले वाहन चालक सुरक्षित आवाजाही कर सकें।

चूंकि ब्रिज के बनने के बाद उक्त चौराहे पर पांच रास्ते निकल रहे हैं। ऐसे में पांच रास्तों के लिए अलग-अलग ट्रैफिक सिग्नल लगा पाना ट्रैफिक पुलिस के लिए आसान नहीं होगा। इसको ध्यान में रखकर फिलहाल चौराहे पर बड़ी रोटरी बनाई जाएगी। साथ ही भोपाल हाट की तरफ से आने वाले ट्रैफिक और ब्रिज से नीचे उतरने वाले ट्रैफिक के लिए अलग-अलग सिग्नल लगने की प्लानिंग चल रही है।



हालांकि यह प्लानिंग कितनी कारगर साबित होगी, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। फिलहाल ब्रिज की गलत डिजाइन की वजह से ट्रैफिक पुलिस यातायात क्लियरेंस नहीं दे रही है। ज्ञात हो कि शुरुआत में ही ब्रिज का डिजाइन विवादों में रहा, लेकिन विभाग के इंजीनियर इससे नकारते रहे और आज स्थिति बिगड़ चुकी है। अब एक्सपर्ट ब्रिज के शुरुआती हिस्से को तोड़ने की बात कह रहे हैं। ताकि कुछ हद तक ट्रैफिक को कंट्रोल किया जा सकता है। इस पर विचार मंथन चल रहा है।

**खास-खबर** बैरागढ़ में फाटक रोड पर बनया जा रहा है ओवरब्रिज, चिंतित व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

## ओवरब्रिज के नीचे सर्विस रोड बनने से दुकानें टूटना तय

**विजय मत, भोपाल**

संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) में फाटक रोड पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के साथ ही सर्विस रोड भी बनाया जाना है। रोड बनने से 50 से अधिक दुकानें टूटने का संभावना है। इससे व्यापारी चिंतित हैं। 50 साल से यहां कारोबार कर रहे व्यापारियों ने वैकल्पिक जगह देने की गुहार की है। इस सिलसिले में एक प्रतिनिधि मंडल ने विधायक रामेश्वर शर्मा से मुलाकात की। फाटक रोड पर ओवरब्रिज बनाने का काम डेढ़ साल पहले शुरू हुआ था। यह काम लोक निर्माण विभाग की सेतु शाखा कर रही है। ब्रिज बनने से बैरागढ़ एवं सीटीओ क्षेत्र की बड़ी आबादी को राहत मिलेगी, लेकिन यहां पांच दशक से कारोबार कर रहे व्यापारियों की दुकानें टूटने से उन्हें रोजगार छिनने की चिंता सता रही है।



व्यापारियों के अनुसार विभाग ने सर्विस रोड की जानकारी अंतिम समय में दी। हाल ही में नोटिस जारी किए गए हैं। ऐसे में दुकानें टूटना तय माना जा रहा है। व्यापारियों ने तोड़फोड़ के विरोध में सांकेतिक प्रदर्शन के बाद विधायक रामेश्वर शर्मा से मुलाकात की। विधायक ने व्यापारियों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही अधिकारियों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण कर समाधान निकालेंगे। व्यवसायी रवि टेकवानी, मनीष कैथवास एवं राजू टिलवानी आदि ने वैकल्पिक जगह देने की गुहार की है।

ओवरब्रिज का कुछ हिस्सा दुकानों की छत से सटकर बनाया जा रहा है। ब्रिज के नीचे दोनों छोर पर 12 से 15 फीट तक का सर्विस रोड बनाने का प्रस्ताव है। मौके पर जगह नहीं है। रोड बना तो दुकानों का इतना ही हिस्सा तोड़ना होगा। कुछ दुकानों को जेसीबी मशीन की मदद से तोड़ा भी गया है। कुछ दुकानों की लंबाई ही 12 फीट तक है। ऐसी दुकानों का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। व्यापारी चाहते हैं कि तोड़फोड़ से पहले ही उन्हें रोजगार की दृष्टि से वैकल्पिक जगह दी जाए। उल्लेखनीय है कि ब्रिज का काम फरवरी 2025 तक पूरा करने का प्रस्ताव है। सीटीओ छोर से संत हिरदाराम नगर स्टेशन आने के लिए थर्ड लेग भी बनेगी। इससे स्टेशन तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

## एम्स भोपाल में नव-नियुक्त कर्मचारियों के लिए लैंगिक संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**विजय मत, भोपाल**

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ) अजय सिंह के नेतृत्व में आंतरिक शिकायत समिति द्वारा शनिवार, 30 नवंबर 2024, को लैंगिक संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य नव-नियुक्त कर्मचारियों को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न अधिनियम (POSH) के नियमों और एक समावेशी एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण के महत्व के बारे में जागरूक करना था।

प्रो. सिंह ने लैंगिक-संवेदनशील कार्यस्थल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एक सुरक्षित और समावेशी वातावरण, व्यक्ति और संस्था, दोनों के विकास के लिए आवश्यक है। लैंगिक समानता और सम्मान हमारे लिए अनिवार्य मूल्य हैं और यह संवेदीकरण कार्यक्रम हमारे कर्मचारियों के लिए एक गरिमामय और सहयोगपूर्ण कार्यस्थल सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम की शुरुआत आईसीसी की अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) वैशाली वैंडेसकर के स्वागत भाषण और कार्यक्रम के परिचय से हुई। इसके बाद परिवर्तनकारी मनोवैज्ञानिक, प्रशिक्षण परामर्श और जेंडर डेवलपमेंट की विशेषज्ञ डॉ. रेणु हांडा ने कानून और रोकथाम नीतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

सत्र में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव, कानूनी प्रावधान और कर्मचारियों के जिम्मेदार व्यवहार के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन प्रश्न-उत्तर सत्र के साथ हुआ, जहाँ कर्मचारियों ने कानून से जुड़ी अपनी शंकाओं का समाधान किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, सभी कार्यालयों के कर्मचारी, पैरा मेडिकल स्टाफ, नर्सिंग अधिकारी, नवनियुक्त कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

## समझदारी और त्याग में ही असली राजनीति

महाराष्ट्र की राजनीति में फिर एक बार महाउती को प्रचंड बहुमत के बाद भी सीएम के पद को लेकर खींचतान हो रहा है इससे आपस में अंदर से कलह होना ठीक नहीं होता है आपस में मिलकर शांति से आने वाले भविष्य को ध्यान में रखकर जनादेश का सम्मान करना चाहिए यदि सीएम पद के लिए तकरार हो रहा है तो घबराहट में नहीं शांति से काम लेकर आपस में मिलकर सहमति बनाने की आवश्यकता है सभी ने अच्छा किया है काम पर वोट मिला है अतः देश के लिए विकास की जरुरत है यदि इसमें क़ोई त्याग कर काम करता है तो लोग उसे पद से ज्यादा सम्मान देते हैं कुर्सी आती है जाती है लेकिन बंधन नहीं टूटना चाहिए भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कर्म करो फल की चिंता ना करो ऐसा बने की लोग आपको पद से ज्यादा आपके काम पर प्यार व सम्मान करें स्व बालासाहेब ठाकरे जी ने कभी सत्ता नहीं हासिल की लेकिन वो सभी के दिलों में राज करते हैं ऐ सब चुनाव से पहले ही घोषणा करना चाहिए आपस में लड़ने से अपना ही नुकसान होगा और विपक्ष को बैठे बिठाये एक मुद्दा मिल जायेगा अतः आपसी प्रेम से ही इसे हासिल किया जा सकता है और इसके लिए त्याग बहुत जरुरी है जहाँ तक बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का सवाल है नीतीश कुमार मझे हुए खिलाड़ी हैं इसलिए वहाँ एक अलग परिस्थिति है बिहार का समीकरण ऐसा है की वहाँ तीन पार्टी प्रमुख है बीजेपी , जेडीऊ (नीतीश कुमार की पार्टी ) और लालूजी की पार्टी आरजेडी इसमें से क़ोई दो भी मिल जाता है तो सरकार बन जाती है अतः जैसे ही नीतीश कुमार जी को मुख्यमंत्री पद पर खतरा नजर आता है एक ही दिन में इस्तीफा भी देते है और उसी दिन सरकार भी बन जाती है और इसमें दोनों को ही अच्छा सीट मिल जाता है वो चुनाव में इसका जिक्र भी रहता है की नीतीश कुमार के नेतृत्व में एननडी चुनाव लड़ रही है अतः किसी भी परिस्थिति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे हालांकि केंद्र में उनके 12लोकसभा सीट भी है जो सरकार को बनाए रखने हेतु दोनों में तालमेल होना अच्छी है और बिहार में बिना जेडीयू के किसी भी पार्टी को सरकार बनाना मुश्किल है और विकास भी हो रहा है।

नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# एड्स पीड़ितों के प्रति बदले समाज की सोच

**योगेश कुमार गोयल**

प्रा न केवल भारत में बल्कि समस्त विश्व में लोगों के लिए 'एड्स' आज भी एक भयावह शब्द है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एच.आई.वी. संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। 'रॉयटर्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2023 के अंत तक 3.95 करोड़ लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व एड्स दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'टेक द राइट पाथ' (सही रास्ता अपनाएं) विषय के साथ मनाया जा रहा है।



विश्व एड्स दिवस पर विशेष

वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है। दरअसल 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी सार्कोमा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे 'गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी' (ग्रिड) नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात् जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिये होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात् इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है।

> वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है।दरअसल 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी सार्कोमा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे 'गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी' (ग्रिड) नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात् जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है।तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिये होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है।तत्पश्चात् इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है।

यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति 'एड्स' कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिये 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिये बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है।

डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकांशतः लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच.आई.वी. परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है। इस दिशा में लोगों में जागरूकता पैदा करने के संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भले ही कितने भी दावे किए जाएं पर एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव के सामने आने वाले मामले विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की पोल खोलते नजर आते हैं। देशभर में ऐसे बहुत से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और उनके परिवार हैं, जिन्हें एचआईवी संक्रमण का खुलासा होने के बाद समाज और अपने ही लोग हिकारत भरी नजरों से देखते थे।

वास्तविकता यही है कि लोगों में एड्स के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे, जिस स्तर पर होने चाहिएं। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपकाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रसारित-प्रकाशित कराने तक ही सीमित है और शायद यही कारण है कि 21वीं सदी में जी रहे भारत के बहुत से पिछड़े ग्रामीण अंचलों में खासतौर से महिलाओं ने तो एचआईवी संक्रमण जैसे शब्द के बारे में कभी सुना तक नहीं। तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं। तमाम दावों के बावजूद आज भी समाज में एड्स रोगियों को बहुत सी जगहों पर तिरस्कृत नजरों से ही देखा जाता है।

एड्स पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरत है प्रत्येक गांव, शहर में इस संबंध में गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनियां इत्यादि के आयोजनों की ताकि लोगों को सरल एवं मनोरंजक तरीकों से ही इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके। एड्स जैसे विषयों पर सार्वजनिक चर्चा करने से बचने की प्रवृत्ति तथा एड्स पीड़ितों के प्रति बेरूखी व संवेदनहीनता की प्रवृत्ति अब हमें त्यागनी ही होगी। इसके अलावा प्रचार एवं प्रसार माध्यमों को भी इस दिशा में अहम भूमिका निभानी होगी। विश्व भर में एड्स की महामारी पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सुरक्षित सैक्स एवं अन्य आवश्यक सावधानियों के लिए भी प्रेरित करना होगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**


## यूपी बीजेपी को मिलेगा ऐसा अध्यक्ष जो साधेगा सामाजिक समीकरण

**संजय सक्सेना**

उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी को नए साल में प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। वहीं 16 से 30 दिसंबर के बीच जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की संगठनात्मक चुनाव में पर्यवेक्षक बनाया गया है। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नये अध्यक्ष की तलाश काफी तेजी से चल रही है। बीजेपी उत्तर प्रदेश में अपने संगठन के जरिए एक मजबूत सोशल इंजीनियरिंग बनाने की रणनीति पर काम कर रही है,जिसके चलते संभावना व्यक्त की जा रही है आलाकमान इस बार नये प्रदेश अध्यक्ष के पद पर किसी ऐसे नेता को बैठा सकता है जो दलित या महिला समाज से ताल्लुक रखता हो, इसके जरिये बीजेपी की सभी जातियों और वर्गों के बीच बैलेंस बनाने की है। गत दिवस 27 नवंबर को हुई बैठक में राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी नरेश बंसल ने कहा कि संगठन में सभी जातियों और वर्गों को उचित स्थान दिया मिलेगा। बैठक में यह भी कहा गया कि महिलाओं और दलितों की सहभागिता बढ़ाने पर बीजेपी खास ध्यान देगी ताकि राजनीति में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। बैठक में साफ तौर पर कहा गया है कि बीजेपी कोई परिवारवादी पार्टी नहीं, बल्कि परिवार भाव से चलने वाली पार्टी है. बीजेपी की दलित और महिलाओं को संगठन में जगह देकर भविष्य की राजनीति को साधने की स्ट्रैटेजी है। ऐसा लग रहा है कि उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी को नए साल में प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। वहीं 16 से 30 दिसंबर के बीच जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की संगठनात्मक चुनाव में पर्यवेक्षक बनाया गया है। तावडे एक दिसंबर को चुनाव के संबंध में आयोजित बैठक में हिस्सा लेंगे। इससे पहले 28 से 2 दिसंबर तक जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। चुनाव के लिए प्रत्येक तीन जिलों के लिए एक केंद्रीय पर्यवेक्षक बनेगा। वहीं 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का चयन होगा। 6 दिसंबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि बूथ स्तर पर मनाई जाएगी।


**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# राजनैतिक संघर्ष के साथ स्वाभिमान और सामाजिक जागरण अभियान चलाया



**रमेश शर्मा**

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में कुछ सेनानी ऐसे भी हैं जिन्होंने अपना संघर्ष केवल राजनैतिक अथवा अंग्रेजों से मुक्ति तक ही सीमित न रखा अपितु उन्होंने जीवन भर स्वाभिमान और सामाजिक जागरण का अभियान चलाया । काका कालेलकर ऐसे ही स्वाधीनता सेनानी थे जिन्होंने शैक्षणिक और आर्थिक स्तर भी समाज के उत्थान का अभियान चलाया।



1 दिसम्बर 1885: सुविख्यात शिक्षाशास्त्री, पत्रकार और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी काका कालेलकर का जन्म पर विशेष

उनका जन्म 1 दिसम्बर 1885 को महाराष्ट्र के सतारा में हुआ था । उनक परिवार मूल रूप से कर्नाटक के करवार जिले का रहने वाला था । लेकिन पहले महाराष्ट्र और फिर गुजरात आकर बस गया था । उनके पिता बालकृष्ण कालेलकर एक शिक्षाविद् और आध्यात्मिक व्यक्ति थे । वे भगवान दत्तात्रेय के अनुयायी थे इसलिये उन्होंने अपने पुत्र का नाम दत्तात्रेय ही रखा । लेकिन आगे चलकर दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर काकासाहब कालेलकर के नाम से प्रसिद्ध हुये । उनकी प्रारंम्भिक शिक्षा महाराष्ट्र में और बाद की उच्च शिक्षा गुजरात में हुई । उनका मराठी, गुजराती, हिन्दी और अंग्रेजी सहित दक्षिण भारत की अनेक भाषाओं पर अधिकार था । उनका आरंभिक लेखन गुजराती में हुआ । और फिर अन्य भाषाओं में भी । लेकिन वे हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाने के पक्षधर थे । इसके लिये उन्होंने देश व्यापी अभियान भी चलाया । वे हिन्दी प्रचार सभा से जुड़े थे और उन्होंने दक्षिण भारत में हिन्दी के समर्थन में वातावरण बनाया

काका कालेलकर राष्ट्रीय मराठी डेली के संपादकीय विभाग से जुड़े और यहाँ से उनका पत्रकारीय जीवन आरंभ हुआ । इसके बाद 1910 में वे गंगानाथ विद्यालय में शिक्षक बने । लेकिन 1912 में अंग्रेज सरकार ने स्कूल को बंद करवा दिया । गुजरात से महाराष्ट्र तक की अपनी जीवन यात्रा में उन्होंने भारतीय जनों की दुर्दशा देखी । उन्हें अंग्रेजों पर गुस्सा बहुत आता था । इसलिए वे सशस्त्र क्रान्ति के समर्थक थे । पर चाहते थे कि भगवान जी भारतीय समाज को शक्ति प्रदान करें जिससे भारत स्वतंत्र हो सके । प्रभु की आराधना के लिये वे 1912 में हिमालय की ओर चल दिये । लगभग तीन वर्ष तक वे पैदल ही विभिन्न क्षेत्रों में गये । न केवल भारत के विभिन्न भागों में अपितु म्यांमार भी गये । इसी यात्रा में उनकी भेंट आचार्य कृपलानी से हुई और उनकी सलाह पर गाँधी से मिलने शाँति निकेतन पहुँचे। गाँधी जी ने उनकी ऊर्जा को अहिसंक आँदोलन और सामाजिक जागरण में लगाने की सलाह दी । गाँधी जी के आग्रह पर काका साहब साबरमती आश्रम विद्यालय के प्राचार्य बन गये । गाँधी जी इनके अनुभवों के आधार पर बेसिक शिक्षा की योजना बनाई । 1928 से 1935 तक गुजरात विद्यापीठ के कुलपति रहे। 1935 में वर्धा आये और हिन्दी के प्रचार के कार्य में लग गये । अपनी बौद्धिक सामर्थ्य, विलक्षण बुद्धि और व्यापक अध्ययन की साख चारों ओर फैली । उनकी गणना प्रमुख अध्यापकों और व्यवस्थापकों में होने लगी और यहीं उन्हें काकासाहब का संबोधन मिला । हिंदी-प्रचार के कार्य में जहाँ कहीं कोई दोष दिखाई देते या हिन्दी प्रचार कार्य की प्रगति में कोई अवरोध आता तो गांधी जी इनको ही जाँच के लिए भेजते। राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की स्थापना के बाद हिंदी-प्रचार की व्यवस्था के लिए गांधी जी ने काका कालेलकर को गुजरात भेजा । साहित्य अकादमी में काका साहब गुजराती भाषा के प्रतिनिधि रहे। गुजरात में हिंदी-प्रचार को जो सफलता मिली, उसका मुख्य श्रेय काका साहब को है। उन्होंने मराठी गुजराती और हिन्दी में विपुल साहित्य रचना की। जीवन मानों हिन्दी के लिये समर्पित कर दिया । उनके आलेखों में और व्याख्यान में स्वत्व और स्वाभिमान जागरण का संकेत होता और यह भी कि स्वभाषा के बिना स्वाभिमान जागरण कैसे होगा । स्वतंत्रता के 1952 में उन्हें राजसभा सदस्य मनोनीत किया गया । उनके द्वारा रचित जीवन-व्यवस्था नामक निबन्ध-संग्रह के लिये 1965 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लेखन में उनकी भाषा शैली बड़ी सजीव और प्रभावशाली और उपदेशात्मक है । जिसमें लगभग सभी विधाएँ व्यंग्य, हास्य, गद्य और पद्य सभी तत्व विद्यमान हैं।

उनकी लगभग 30 पुस्तकें प्रकाशित हुई उनमें स्मरण-यात्रा, धर्मोदय हिमालयनो प्रवास, लोकमाता जीवननो आनंद, अवरनावर बहुत प्रसिद्ध हुईं । उनकी अधिकांश रचनाएँ लोक जीवन पर आधारित थीं जिसमें जीवन और समाज निर्माण का संदेश होता था । इस प्रकार समाज जीवन के सकारात्मक निर्माण के लिये समर्पित काकासाहब कालेलकर ने 21 अगस्त 1981 को संसार से विदा हुये ।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## शब्द पहेली - 8204

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 |
| | ■ | ■ | 5 | 6 | 7 | | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | | ■ | ■ | |
| ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ | ■ | 13 | |
| ■ | 14 | | | ■ | 15 | 16 | | ■ |
| 17 | | ■ | ■ | 18 | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | 20 | | ■ | ■ | 21 | 22 |
| | ■ | 23 | | | 24 | ■ | ■ | |
| 25 | | | ■ | ■ | 26 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का -3
5. पाताल-4
8. व्यंग,चुटीली बात-2
10. दुख,कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य,तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम,राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
20. टैक्स,हाथ-2
21. होठ,अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश,विनाश,विध्वंस-3
26. निश्चित -4

### ऊपर से नीचे

1. नदी-3
2. संपत्ति,धन-2
3. वंश,खानदान-2
4. उत्तमता,परिष्कृतता-4
6. समुद्र,दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट- 4
16. जांघ-2
17. पैगंबर,महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर,फन-2
22. देह,काया-3
23. गलत का विलोम -2
24. निश्चित-2

### शब्द पहेली - 8203 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | त | र | त | ■ | स | ला | म | त |
| रं | ■ | त | ल | ब | गा | र | ■ | मी |
| गी | ला | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ह | ज |
| ■ | ल | ■ | क | न | क | ■ | म | ■ |
| ध | कि | या | ना | ■ | या | या | व | र |
| ■ | ता | ■ | त | म | स | ■ | त | ■ |
| ऐ | ब | ■ | ■ | ना | ■ | ■ | न | न |
| न | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ल | म | ल |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6989

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6988 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## न्यूज इन शॉर्ट



### शासकीय कन्या शिक्षा परिषद कंचनपुर में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लारोकर के मार्गदर्शन में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत आज शासकीय कन्या शिक्षा परिषद कंचनपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दागना प्रथा रोकथाम हेतु जानकारी दी गई तथा वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा एवं उनसे जुड़ी सावधानियां से भी अवगत कराया गया।

### कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालय प्रातः 9 बजे से होंगी संचालित

शहडोल। कलेक्टर डोक्टर केदार सिंह ने तापमान में कमी एवं शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी किया है कि जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक प्रथम पाली में संचालित समस्त विद्यालयों को प्रातः 9.00 बजे से संचालित किया जाएगा। उक्त विद्यालय 2 दिसंबर से दिनांक 31 जनवरी तक प्रातः 9:00 बजे से संचालित होगी।

### चिटुहला पंचायत भवन में चोरी

शहडोल। बुढार थाना क्षेत्र के ग्राम चिटुहला स्थित ग्राम पंचायत भवन में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर हजारों रुपये मूल्य का सामान चोरी कर लिया। हालांकि, चोरों ने पंचायत भवन में रखे दस्तावेजों को नुकसान नहीं पहुंचाया। घटना के बाद पंचायत सचिव जनार्दन प्रसाद शर्मा ने बुढार थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सूत्रों के अनुसार चोरों ने पंचायत भवन और उसी परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को निशाना बनाया। चोरों ने सभी कक्षों के ताले तोड़े और वहां रखी बड़ी एलसीडी टीवी, एक कम्प्यूटर सीपीयू, 50 गिलास, स्टील की थाली, बाल्टी और एक व्हील चेयर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। पंचायत भवन में ताले टूटे हुए पाए गए और बगल में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का ताला भी टूटा हुआ था। सुबह जब पंचायत सचिव ने पंचायत भवन का दौरा किया, तो उन्होंने देखा कि सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे और सामान गायब था। घटना के बाद पंचायत सचिव ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में धारा 331(4), 305 के तहत मामला दर्ज किया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामवासियों में इस चोरी की घटना को लेकर भय का माहौल है। उन्हें डर है कि पंचायत भवन के बाद चोर अब आमजन के घरों को भी निशाना बना सकते हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे जल्द ही चोर पुलिस हिरासत में होंगे।

### सट्टा पट्टी सहित युवक गिरफ्तार

शहडोल। थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बेम्हौरी में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर धनपुरी पुलिस द्वारा सूचना स्थान में घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी हीरामणि उर्फ बिन्नू पाण्डेय पिता गोरेलाल उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम बेम्हौरी के कब्जे से 01 नग सट्टा पर्ची, डॉट पेन एवं नगदी 585 रुपये जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी धनपुरी के नेतृत्व में प्रआर0 दिनेश सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# चौपाटी में सुविधा चौपट, ना पार्किंग स्थल और ना ही महिला व पुरुष सुविधा घर, ग्राहकों को होती है परेशानी

**चौपाटी बनाने में लाखों खर्च, फिर भी शुद्ध पेयजल नहीं, परिसर में सीसीटीवी कैमरे की अव्यवस्था, जिम्मेदारों ने नहीं दिया ध्यान**

**विजय मत, शहडोल।**

नगर के हृदय स्थल झूला पुल में स्थित चौपाटी का हाल बेहाल है। नगर पालिका द्वारा कुछ ही महीना पूर्व लाखों रुपए खर्च करके चौपाटी की व्यवस्थाओं की सुधारने की कोशिश की गई थी, परंतु अभी भी पूर्ण रूप से व्यवस्थाएं सुधरी नहीं है। नगर पालिका द्वारा लाइटिंग एवं टाइल्स लगवाई गई थी परंतु अभी भी चौपाटी में अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। बता दें की चौपाटी में अनेक परेशानियां हैं, परंतु मुख्य रूप से वहां पार्किंग एवं महिला तथा पुरुष सुविधा घर की असुविधा है। जिससे लोग आए दिन परेशान होते हैं तथा इस व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम उठाया नहीं जा रहा है। इसी प्रकार चौपाटी में लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद भी शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल तथा चौपाटी परिसर में सीसीटीवी कैमरे का अभाव भी देखा जा रहा है जिससे वहां हो रही गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।



### बुनियादी सुविधाओं का अभाव अब भी

चौपाटी में पार्किंग स्थल को विकसित करने की योजना को कई साल से अधिक समय हो चुका है, लेकिन यहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव अब भी बना है। इस स्थिति से न केवल चौपाटी में व्यापार करने वाले दुकानदार परेशान है, बल्कि यहां आने वाले ग्राहकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका के अधिकारियों ने चौपाटी क्षेत्र में आवश्यक सुविधाएं विकसित करने का वादा किया था, लेकिन व्यापारियों के अनुसार, अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### व्यापारियों ने कहा कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा

व्यापारियों का कहना है कि बिजली, पानी और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण उनके कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्राहक भी बैठने और स्वच्छता की उचित व्यवस्था न होने की वजह से असुविधा महसूस कर रहे है। चौपाटी क्षेत्र को विकसित करने की योजना का उद्देश्य लोगों को एक बेहतर बाजार और मनोरंजन स्थल प्रदान करना था, लेकिन वर्तमान स्थिति ने इस उद्देश्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नगर पालिका को व्यापारियों और ग्राहकों की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करना चाहिए।

### सुविधा घर का अभाव

चौपाटी स्थल में सबसे बड़ी समस्या सुविधा घर की है। सुविधा घर के अभाव में व्यापारियों के साथ ही ग्राहकों को भी परेशान होना पड़ रहा है।

### नशेडियों का जमावड़ा

चौपाटी स्थल में अभी तक पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था नहीं की गई है। पीछे की तरफ अंधेरा होने से वहां नशेडियों का जमावड़ा लगता है। अराजकतत्व शराब, गांजा सहित अन्य नशीली दवाओं का सेवन करते हैं। यदि वहां पर्याप्त लाइटिंग हो जाएगी तो नशेड़ियों का जमावड़ा नहीं लगेगा।

### चौपाटी से ज्यादा प्रमुख मार्गों पर व्यापार

शहडोल नगर के प्रमुख मार्ग में चौपाटी से ज्यादा सड़कों के किनारे लोग अपने चौपाटी दुकान का संचालन कर रहे हैं। उनसे बात करने पर उन्होंने बताया कि हमें चौपाटी पर स्थान नहीं मिलने के कारण हम अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए सड़क के किनारे ही दुकान का संचालन करना पड़ रहा है।

नगर पालिका किसी प्रकार से जगह चिन्हित कर हमें उपलब्ध करा दें, वहां हम अपनी दुकानों का संचालन कर अपने परिवार का भरण पोषण कर लेंगे, पर नगर पालिका द्वारा कभी हमारी सुध भी नहीं ली जाती है।

### व्यापारियों की प्रमुख मांग

- पार्किंग स्थल में महिला व पुरुष सुविधा घर का निर्माण।
- हर दुकान के पास नल कनेक्शन दिया जाए ताकि पानी के लिए परेशान न होना पड़े।
- पानी निकासी के लिए ठेलों के पीछे से नाली का निर्माण।
- ग्राहकों के बैठने के लिए सीमेंट वाली कुर्सियों की व्यवस्था।
- पीछे दीवार में सुंदर चित्र बनवाया जाकर सौंदर्याकरण।
- स्टील या लोहे की रेलिंग लगवाकर चौपाटी वाले भाग को पार्किंग स्थल से अलग करें।
- वेज नानवेज के दुकानों को अलग-अलग लगाने की व्यवस्था की जाए।
- परिसर में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था।
- परिसर में नियमित रूप से सफाई की व्यवस्था।

### इनका कहना है

चौपाटी के सामने वाहन खड़े होने से चौपाटी में आने-जाने में परेशानी होती है। वाहन पार्किंग के लिए व्यवस्था नहीं है। वहीं चौपाटी के अंदर भी पर्याप्त रोशनी नहीं रहती। ग्राहकों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए- **रमेश्वर भंडारी, नगरवासी**

यह स्थल कारोबार के हिसाब से बेहतर है, लेकिन यहां कई सुविधाओं की दरकार है। सबसे अधिक आवश्यकता सुविधा घर व पेयजल की है। इसके अलावा सुंदर लाइटिंग, सहित ग्राहकों के लिए बैठक व्यवस्था भी बनाया जाना चाहिए- **मोनू प्रसाद, व्यापारी**

परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाने की आवश्यकता है। यह ग्राहकों की सुरक्षा के साथ ही दुकानों में हो रही चोरी के लिए भी सुविधाजनक रहेगा। दुकान बंद होने के बाद हर दिन चोरी हो रही है, कभी बिजली के बोर्ड व तार तो कभी कुर्सियां गायब रहती हैं- **गीता मरावी नगरवासी**

# सड़कों पर फैली निर्माण सामग्री से लोगों को परेशानी

**जिम्मेदार अधिकारी नहीं देते ध्यान और हो जाती है दुर्घटना लोग परेशान**

**विजय मत, शहडोल।**

जिले के सभी नगर पालिका क्षेत्र के मुख्य सड़कों पर निर्माण सामग्री फैले होने से जहां रास्ते संकरे हो रहे हैं। बल्कि राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि जिम्मेदार नगरपालिका और यातायात पुलिस इस ओर ध्यान नहीं दे रही है, जिससे लोगों की परेशानी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि निर्माण सामग्री की वजह से यहां पल-पल पर ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इसी प्रकार नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत अधिकांश वार्ड इन दिनों अतिक्रमण की चपेट में है। आज भी निर्माण सामग्री से सडकें पटी पड़ी हुई है। जिसकी वजह से आवागमन में बाधा तो उत्पन्न होती ही है साथ ही वाहनों के अनियंत्रित होने की आशंका भी बनी रहती है जिसकी वजह से लोग चोटिल होते रहते हैं।

**विभिन्न स्थान में पड़े हैं निर्माण सामग्री**-जिले के नगर पालिका क्षेत्र बुढार, जयसिंहनगर एवं ब्यौहारी नगर दिनों दोनों तरफ निर्माण सामग्री से घिरा हुआ है एक तो इस वार्ड की सकरी गली के चलते अगर एक भी चार पहिया वाहन भी इस गली में से गुजर जाए तो जाम की स्थिति बन जाती है, इस वार्ड में स्थानीय टेंट संचालक द्वारा अपने टेंट की सामग्री सड़कों पर फैला दी जाती है जिसकी वजह से इस क्षेत्र में आए दिन आवागमन बाधित रहता है। और विवाद की स्थित उत्पन्न होती रहती है।



**विवाद ना हो इसलिए रहना पड़ता है चुप**-स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क पर निर्माण सामग्री से परेशानी होती है पर ओर नगर पालिका का का ध्यान नहीं है। वहीं एक ही मोहल्ले में रहने और पड़ोसी में मन मुटाव और विवाद न हो जाए इस ख्याल से परेशानी होने के बाद भी चुप रहना पड़ जाता है। मुख्य सड़कों के साथ-साथ प्रत्येक गली मोहल्ले में यही स्थिति बनी हुई है सबसे खराब हालत तो गली मोहल्ले की है जहां सड़कों पर पसरा निर्माण सामग्री और मलवा की वजह से सड़के तक ब्लॉक हो जाती है।

**किनारे निर्माण सामग्री और मलबा डंप करना है गलत**-इसी प्रकार नगर पालिका क्षेत्र जयसिंहनगर की सड़कों के किनारे निर्माण सामग्री और मलबा डंप करना गलत है जो कि नवनिर्माण के लिए सड़क किनारे निर्माण सामग्री रखे हुए हैं। उन्हें निर्माण सामग्री तुरंत हटा लेना चाहिए ताकि दुर्घटना की संभावना न उत्पन्न हो। नियम अनुसार सड़क पर किसी भी परिस्थिति में निर्माण सामग्री और मलवा डंप नहीं करना इसके विरुद्ध नगर नगर पालिका ने जुर्माने का भी प्रावधान रखा है, लेकिन शायद भूले बिसरे ही इस मामले पर नगर पालिका प्रशासन ने कोई कार्यवाही की हो।

**फंस जाते है वाहन चालक**-निर्माण सामग्री के सड़कों पर रखे होने कारण रास्ते सिकुड़ गए हैं। वहीं निर्माण के समय तो हालत यह होती है कि रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया जाता है। ऐसे में लोगों को रास्ता बदल कर लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं चार पहिया वाहन चालक इन रास्तों में फंस जाते हैं। रास्ते में निर्माण सामग्री जैसे गिट्टी, मुरम, रेत और अन्य सामग्री रखी होने के कारण वाहन चालक फिसल कर गिर जाते हैं। नगर पालिका तथा संबंधित विभाग इस पर ध्यान नहीं देता तथा लोग अपने इच्छा के अनुसार सामान सड़कों पर रखवाते हैं जिससे आवा गमन में नागरिकों को काफी ज्यादा असुविधा का सामना करना पड़ता है।

### 'हम होंगे कामयाब' पखवाड़े के तहत कार्यक्रम आयोजित

शहडोल। लिंग आधारित हिंसा के उन्मूलन के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'हम होंगे कामयाब' के अंतर्गत शहडोल पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उक्त पखवाड़े के दौरान लैंगिक हिंसा एवं महिला सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं बाल विवाह की रोकथाम हेतु विभिन्नि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 'हम होंगे कामयाब' अभियान के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसमें जैंडर आधारित हिंसा पर संवाद, मनोवैज्ञानिक प्रभाव, बालविवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो, घरेलू हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

**समारोह**

**पंडित शंभूनाथ शुक्ला विवि से सेवानिवृत्ति हुई पर मप्र निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के अध्यक्ष बने रहेंगे**

# प्रोफेसर भरत शरण सिंह को दी गई भावभीनी विदाई





**विजय मत, शहडोल।**

समाज सेवा राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल के लोकप्रिय प्राणी शास्त्र के प्रोफेसर भरत शरण सिंह की सेवानिवृत्ति पर शुक्रवार की शाम होटल वेलकम इन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर भरत शरण सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर भरत शरण सिंह मंचासीन रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडित शंभूनाथ शुक्ला महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर एस के सक्सेना वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एके श्रीवास्तव एवं डॉ राजेश पांडे, भाभा विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति डॉ मनोज शुक्ला नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत मुख्य नगर पालिका अधिकारी दादू लाल सिंह एवं पंडित शंभूनाथ शुक्ला महाविद्यालय के सेवानिवृत्ति प्रोफेसर विनय सिंह उपस्थित रहे।

### समाज सेवा राष्ट्र सेवा में लगा दिया पूरा जीवन

कार्यक्रम का सफल संचालन बुढार महाविद्यालय की प्रोफेसर संगीता मसीह ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने जहां एक ओर प्रोफेसर भरत शरण सिंह की उपलब्धियां गिनाई वहीं दूसरी ओर उनके साथ बिताए गए पलों की स्मृति का उल्लेख किया। वक्ताओं ने कहा कि भरत दादा बहुत ही सरल सहज व्यक्तित्व के धनी हैं। आपने पूरी लगन निष्ठा और परिश्रम के साथ 42 वर्ष के कार्यकाल में अपने स्टूडेंट की प्रतिभा को निखारने का काम किया परिणाम स्वरूप उनके सभी स्टूडेंट अपना कैरियर बनाने में सफल रहे। वक्ताओं ने यह भी कहा कि आपने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर समाज और राष्ट्र की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया। वक्ताओं ने यह भी कहा कि आपके अंदर अहंकार बिल्कुल नहीं है। मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के अध्यक्ष रहते हुए भी आपके अंदर से सहजता सरलता जरा भी कम नहीं हुई। सभी वक्ताओं ने हृदय से उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंडित शंभू नाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल के प्रोफेसर पद से सेवानिवृत होने के बाद भी मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के अध्यक्ष बने रहेंगे और हमारी कामना है कि आप राज्यपाल के पद को भी सुशोभित करें।

अपने उद्बोधन में प्रोफेसर भरत शरण सिंह ने कहा कि जिस तरह से गोस्वामी तुलसीदास एवं स्वामी विवेकानंद जी ने अपने कर्तव्य का निर्वहन किया है उसी तरह मैं भी पूरी सहजता से अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा हूं और आगे भी जीवन पर्यंत समर्पित रहूंगा।

### साल श्री फल से किया गया सम्मानित

इस अवसर पर डॉक्टर मनीष सिंह द्वारा भरत दादा का शाल श्रीफल से एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम में उपस्थित अनेक गणमान्य व्यक्तियों द्वारा फूल मालाओं से भरत दादा का सम्मान किया गया। प्रशंसा पत्र का वाचन सेवानिवृत प्रोफेसर विनोद जायसवाल ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ मनीष सिंह ने किया। समारोह में प्रोफेसर विक्रम सिंह प्रोफेसर करुणेश झा, प्रोफेसर अनिल उपाध्याय, प्रोफेसर राधेश्याम नापित अनूपपुर महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल सक्सेना के अलावा वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर एस सी त्रिपाठी, डॉ उमेश नामदेव एवं डॉक्टर सुधा नामदेव,डा. अमित निगम, डा. परीक्षित सिंह एवं रवि सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# शिक्षक संघ द्वारा किया जा रहा वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान

शहडोल। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शहडोल द्वारा सेवानिवृत्ति शिक्षकों का घर जाकर किया गया सम्मान मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष लालजी तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शिक्षक दिवस 5 सितंबर 2024 को 115 सेवानिवृत्ति शिक्षकों का उत्कृष्ट विद्यालय रघुराज क्रमांक 2 शहडोल के सभागार में सम्मान किया गया था ज्यादा उम्र के जो शिक्षक चलने फिरने में दिक्कत होने के कारण से नहीं आ पाए उन वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान समय समय पर घर जाकर किया जा रहा है इसी क्रम में शिक्षक संघ के पूर्व प्रांत अध्यक्ष प्रोफेसर गुलाबचंद अग्रवाल 97 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं 98 वर्ष में प्रवेश कर गए हैं फूल माला गुलदस्ता एवं साल देकर सम्मान किया गया एस.सी .सक्सेना (फूफा जी )आयु 95 वर्ष का सम्मान माला गुलदस्ता एवं शाल देकर सम्मानित किया गया श्रीमती शकुंतला सक्सेना पार्वती बहन 85 वर्ष का सम्मान श्रीफल एवं बुके देकर किया गया सभी शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल को हमारे बुजुर्ग अभिभावकों ने खूब आशीर्वाद दिया तत्पश्चात प्रतिनिधिमंडल मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शहडोल के संभागीय सचिव विजय चतुर्वेदी को उनके एक्सीडेंट से फैक्चर हुए पैर को देखने शिवम कॉलोनी उनके निवास गए इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी आयाम प्रकोष्ठ प्रमुख अरुण मिश्रा, लालजी तिवारी अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शहडोल राजन सिंह उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शहडोल वरिष्ठ शिक्षक संघ के हमारे श्रेष्ठ वरिष्ठ साथी राजेंद्र शर्मा डॉक्टर मनोज श्रीवास्तव ओपी द्विवेदी, कैलाश जोशी अध्यक्ष नगर इकाई शहडोल बृज जायसवाल अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ब्लॉक सोहागपुर उपस्थित रहे।

## यूज इन शॉर्ट



### छताई घाट से पुलिस ने अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर वाहन किया जब्त, चालक और मालिक के खिलाफ मामला दर्ज

अनूपपुर। जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस कप्तान के जारी सख्त निर्देश के बाद थाना प्रभारियों द्वारा रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जहां शुक्रवार को रामनगर पुलिस ने पहली कार्रवाइ की वहीं शनिवार को बिजुरी पुलिस ने दूसरी कार्रवाई कर यह जता दिया है कि कप्तान के निर्देशों की अनदेखी नहीं की जा सकती। थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत 30 नवम्बर को मुखबिर की सूचना पर केवई नदी छताई घाट ग्राम मझौलीं बिजुरी से ट्रैक्टर मय ट्राली अवैध रेत परिवहन करते मिला, जो चालक दीपेश तिवारी एवं वाहन मलिक केशव तिवारी दोनों निवासी ग्राम बिछिया छत्तीसगढ़ का होना बताया गया, दोनों के कृत्य अपराध धारा 303(2),317(5),3 (5) बीएनएस एवं 4/21 खान अधिनियम का दंडनीय पाए जाने पर मौके से उक्त ट्रैक्टर मय अवैध लोड ट्राली को जब्त कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विकास सिंह, प्रधान आरक्षक सतीश मिश्रा, आर प्रभाकर, लक्ष्मण दांगी राजदेव, रामनिवास गुर्जर शामिल रहे।

### स्कूली छात्रों के बाइक चलाते पुलिस ने 5 वाहनों पर की कार्रवाई, वाहन जब्त

अनूपपुर। जिला मुख्यालय में नाबालिक बच्चों द्वारा सड़कों पर फर्राटे से बाइक चलाने के खिलाफ धड़पकड़ कार्रवाई में शनिवार को कोतवाली पुलिस ने 5 नाबालिक चालकों के वाहन जब्त किए, जहां वाहन चालक व स्वामी के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस का यह तीसरा दिन अभियान रहा। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह शासकीय उत्तकृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के पास वाहन चेकिंग लगाई गई, जहां चेकिंग के दौरान एमपी 65 जेडबी 0699, एमपी 65 एमसी 6920, बिना नम्बर की बाइक, एमपी 65 एमजी 2081, एमपी 18 एमयू 8739 के नाबालिग बालको को नियम विरूद्ध दो पहिया वाहन चलाते पाया गया। सभी के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट में चालान बनाकर वाहन जब्ती की कार्रवाई की गई। इसके पूर्व भारत ज्योति स्कूल एवं बेथेल मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के पास चेकिंग लगाकर कुल 16 वाहनों को जब्त किया गया था।

### अमरकंटक मैकल पार्क का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, पर्यटकों को आकर्षित करने गतिविधियों के आयोजन के दिए निर्देश



अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शुक्रवार को अमरकंटक के मैकल पार्क का निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान उन्होंने मैकल पार्क में पर्यटकों को आकर्षित करने एडवेंचर गतिविधियों के संबंध मे निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, जिपं सीइओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पांडेय, नगर परिषद अमरकंटक के सीएमओ भूपेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

### वन विभाग की अवैध कटाई मामला पहुंचा भोपाल

सीधी। जिले में वन विभाग द्वारा वनों के सुधार एवं विस्तार के नाम पर लाखों नहीं बल्कि करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है, मामले की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह ने सभी प्रमाणित दस्तावेजों के साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव वन विभाग को पत्र सौंपा है, वन अमले को इस पत्र की भनक लगते ही हड़कंप मच गया है।



बता दें कि इस पूरे मामले का खुलासा गत माह जिला पंचायत के वन समिति सभापति कृष्ण लाल प्यासी छोटू ने किया था। श्री प्यासी को जब इस मामले की जानकारी लगीं तो उन्होंने वन मंडलाधिकारी एवं वन परिक्षेत्राधिकारी मझौली को पत्र लिख जानकारी मांगी गई लेकिन विभाग द्वारा मामले को दबाने के लिए सभापति को गुमराह करना शुरू कर दिया गया, ऐसे में सभापति कृष्ण लाल प्यासी ने पूरे मामले की शिकायत वन संरक्षक रीवा से की गई लेकिन डीएफओ एवं रेंजर की सेटिंग के चलते उक्त शिकायतों को दबा दिया गया, ऐसे में जब विभाग द्वारा कोई जांच नहीं कराई गई तो उन्होंने अपने विधायक कुंवर सिंह टेकाम को पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत कराते हुए जांच की मांग उठाई, विधायक ने सभापति के पत्र को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव को पूरे मामले की जांच कराने पत्र सौंपा है। उल्लेखनीय हैं कि जिले के वन परिक्षेत्र मझौली अन्तर्गत करोड़ों रुपए के बेस कीमती पौधों की कटाई कराए जाने की सूचना पर जिला पंचायत के वन स्थाई समिति अध्यक्ष कृष्ण लाल पयासी ने वन मंडलाधिकारी को पत्र लिखकर जांच कराने की मांग की गई थी। लेकिन 11 जुलाई को सभापति द्वारा लिखें गए पत्र को विभाग द्वारा गंभीरता से नहीं लिया।

## पोषण आहार वितरण प्रणाली को और अधिक सुगम बनाने व मुहैया के दिए निर्देश

# कुपोषित बच्चों का डोर-टू-डोर सर्वे कर एनआरसी में भर्ती करवाने कलेक्टर ने दिए निर्देश, अब तक मात्र 902 नौनिहाल हुए भर्ती

**विजय मत, अनूपपुर।**

जिले में कुपोषण के बढ़ते प्रकरण और उसे जागरूकता के माध्यम से पोषित बनाने के प्रशासनिक प्रयास में गुरूवार को कलेक्टर हर्षल पंचोली ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक बुलाई। जहां कलेक्टर ने कहा कि जिले में बच्चों एवं महिलाओं को वितरण किए जा रहे पूरक पोषण आहार के वितरण प्रणाली को और अधिक व्यवस्थित एवं सुगम बनाया जाए। जिससे बच्चों एवं महिलाओं को विधिवत रूप से पोषण आहार मुहैया हो सके। उन्होंने कहा कि पोषण आहार का विधिवत रजिस्टर का संधारण किया जाए तथा पोषण आहार संबंधित गतिविधियों की जानकारी रजिस्टर में दर्ज कराया जाए। इस मौके पर कलेक्टर ने जिले में 0-5 वर्ष तक के कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की स्थिति की




जानकारी जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष अब तक 902 कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में दाखिल कराया गया है। अनूपपुर जिला चिकित्सालय में 241, जैतहरी में 109 कोतमा में 130, राजेंद्रग्राम में 287 तथा करपा में 135 बच्चों को कुपोषित पाए जाने पर एनआईसी केंद्र में उपचार के लिए भर्ती किया गया। जबकि पिछले वर्ष से अगर तुलना की जाए तो यह आंकड़ा कुछ कम है। वर्ष 2023 में कुल 1550 बच्चों को कुपोषित पाए जाने पर पोषण पुनर्वास केंद्र में दाखिल कराया गया था। इनमें राजेंद्रग्राम में 445, करपा में 210, जैतहरी में 218, कोतमा में 252 एवं जिला अस्पताल पोषण पुनर्वास केन्द्र में 425 कुपोषित बच्चों को उपचार के लिए दाखिल कराया गया था।

### मैदानी अमले से डोर टू डोर सर्वे कराने के निर्देश

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम तथा सुपरवाइजर कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों का डोर-टू-डोर सर्वे कर एनआरसी में भर्ती कराए। किसी भी हालत में सर्वेक्षण में लापरवाही या अनदेखी न बरती जाए। साथ ही एनआरसी का कोई भी बेड खाली ना रहे, शत प्रतिशत एनआरसी बेड भरा रहे अधिकारी को चेतावनी भी दी। वहीं बैठक में कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर एप में चिन्हित कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित जिले में चलाए जा रहे हम होंगे कामयाब अभियान के संबंध में चर्चा कर दिशा निर्देश दिए।

# ठंड ने बढ़ाया सितम, नपा अनूपपुर ने वनविभाग से 25 चट्टा लकड़ी की मांग

## इधर प्रशासन ने स्कूलों के संचालन के समय में किया बदलाव

**विजय मत, अनूपपुर।**

जिले में पिछले एक सप्ताह से लगातार ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अब प्रशासनिक स्तर पर भी अलाव और स्कूली समयों में बदलाव की व्यवस्था बनाई जा रही है। वर्तमान में सुबह और शाम के समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हवाओं में नमी के कारण दोपहर की हवाएं भी शरीर में सिहरन पैदा कर रही है, जिसके कारण लोगों को अधिक ठंड महसूस हो रहा है। इसमें खासकर बुजुर्गों और नौनिहालों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें स्कूली बच्चों को स्कूल आवाजाही के दौरान ठंड का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को भी जिले का अधिकतम तापमान 26 डिग्री तो न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। जिसे देखते हुए नगरपालिका अनूपपुर ने वनविभाग से




25 चट्टा लकड़ी की मांग की है, वहीं जिला प्रशासन ने तापमान में कमी एवं शीतलहर को देखते हुए स्कूलों के संचालन के समय में परिवर्तन किया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले में सुबह के समय हाड़ कंपा रही सर्दी को देखते हुए स्कूल आने-जाने वाले नौनिहालों की सुरक्षा में अब समय के बदलाव का फैसला लिया है, जहां अनुमोदन उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी ने तापमान में कमी एवं शीतलहर को देखते हुए छात्र-छात्राओं के हित में जिला अंतर्गत संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक/ माध्यमिक/ सीबीएसई विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक प्रथम पाली में संचालित सभी विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया है। ये विद्यालय 2 दिसम्बर से 31 जनवरी 2025 तक सुबह 9 बजे से संचालित होंगे।

वहीं नगरपालिका अनूपपुर ने चौक चौराहो और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था को देखते हुए वनविभाग को पत्र लिखा है, जिसमें 25 चट्टा लकड़ी की मांग की है। नगरपालिका अनूपपुर सहायक राजस्व अधिकारी ने बताया कि हमने वनविभाग को पत्र लिखा है, जहां वनविभाग द्वारा मुहैया कराए जाने वाले लकडियों को सार्वजनिक स्थलों के साथ चौक-चौराहों पर अलाव के रूप में गिराया जाएगा, ताकि कड़ाके की पड़ रही सर्दी से आम जनजीवन को सुरक्षित रखा जा सके।



### घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम पर संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

**विजय मत, अनूपपुर।**

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं जिपं सीइओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक 'हम होंगे कामयाब'पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के तहत कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में शुक्रवार को घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते, महिला एवं बाल विकास विभाग के विधि सह परिवीक्षा अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर, महिला थाना प्रभारी अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर, एनजीओ कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध के बारे में जानकारी साझा की गई और महिला कानूनों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि महिला किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित है, तो उसके लिए महिला थाना, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाईन 181 में शिकायत दर्ज करा सकती है। इस दौरान लघु फिल्म के माध्यम से समाज में महिलाओं के साथ हो रहे अपराध के बारे में जानकारी दी गई।

## डाकघर में आधार कार्ड बनाने व सुधार कराने का चलाया जा रहा है




**विजय मत, अनूपपुर।**

जिला मुख्यालय अनूपपुर में संचालित डाकघर में आधार कार्ड बनाए जाने का अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें जिले के नागरिकों के आधार कार्ड बनाए जाने के साथ ही विभिन्न प्रकार के सुधार कार्य भी किए जाएंगे। इस संबंध में पोस्ट मास्टर डाकघर अनूपपुर केके पटेल ने बताया है कि भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों के आधार कार्ड बनाए जाने एवं सुधार किए जाने का अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत जिले के नागरिक कार्यालयीन दिवस एवं समय सुबह 9.30 बजे से शाम 4 बजे के मध्य आधार कार्ड बनवाने/सुधार कराने के लिए अपनी शैक्षणिक अंकसूची, मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति के साथ डाकघर अनूपपुर में आ सकते हैं।

### अस्पताल के निजीकरण को लेकर किया गया सत्याग्रह आंदोलन

सीधी। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश भर के गांव स्तर तक की स्वास्थ्य व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपे जाने के विरोध में आज अस्पताल बचावा जिउ बचावा संघर्ष मोर्चा द्वारा कलेक्ट्रेट के सामने ÷अस्पताल बचावा जिउ बचावा सत्याग्रह आंदोलन÷ किया गया। सत्याग्रह आंदोलन की अध्यक्षता कर रहे टोको रोको ठोको क्रांतिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी ने संबोधित करते हुए बताया की प्रदेश के 12 जिला अस्पताल 348 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 161 सिविल अस्पताल को ठेकेदारी में दिए जाने के प्रदेश सरकार के निर्णय के विरोध में सीधी जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया, चुरहट, रामपुर, खाम्ह, मझौली, कुसमी और सिहावल में अस्पताल बचावा जिउ बचावा सत्याग्रह आंदोलन के बाद आज शनिवार को कलेक्ट्रेट के सामने सत्याग्रह आंदोलन किया गया है।

## फुनगा पुलिस ने 8 हजार रुपए का गांजा किया जब्त, दो के खिलाफ मामला दर्ज

**विजय मत, अनूपपुर।**

जिले में मादक पदार्थो की तस्करी पर पुलिस कप्तान द्वारा अंकुश लगाने के दिए निर्देश में शुक्रवार को फुनगा पुलिस ने 8 हजार रुपए की गांजा जब्ती के साथ दो आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया है। फुनगा पुलिस चौकी प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि 29 नवम्बर को मुखबिर की सूचना पर धुर्वासिन-रक्शा रोड तिराहा पर आरोपी गिरधारी पटेल पिता जयपाल प्रसाद पटेल उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम रक्शा चौकी फुनगा अनूपपुर के यहां छापामार कार्रवाई की गई थी, जहां कार्रवाई में 798 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत लगभग 8 हजार रुपए



को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 बी एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने बताया कि उक्त मादक पदार्थ की बरामदगी के बाद खरीदी का पता करते हुए पूछताछ पर आरोपी गिरधारी पटेल द्वारा इसे आरोपी मोबाइल नंबर 7389****41 के धारक निवासी जैतहरी अनूपपुर से खरीद कर लाया जाना बताया। जिसके बाद सम्बंधित व्यक्ति के विरुद्ध भी मामला पंजीकृत किया कर अन्य बिंदुओं पर विवेचना की जा रही है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक सुमित कौशिक,सहायक उपनिरीक्षक कोमल अर्जरिया, आरक्षक राकेश कनासे, वीरसिंह, सैनिक रामकमल तिवारी की भूमिका रही है।

**राजस्व महाअभियान 03**

## 15 नवम्बर से शुरू हुआ अभियान 15 दिसम्बर को होगा समाप्त, कलेक्टर कर रहे मॉनीटरिंग

# डोर टू डोर पहुंच रहा अमला, राजस्व प्रकरणों का मौके पर पटवारी निराकरण में जुटे, अब तक 13509 प्रकरणों का निराकरण

**विजय मत, अनूपपुर।**

जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे राजस्व महा-अभियान 3.0 के तहत कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देश में अब राजस्व अमला डोर टू डोर सर्वेक्षण के लिए पहुंच रहे हैं। जहां मौके पर पहुंच कर और प्रशासन द्वारा लगाई जा रहे राजस्व शिविर के माध्यम से लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर रहे हैं। बताया जाता है कि अभियान के अंतर्गत जिले में वर्तमानमें कुल 13509 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। जिसमें नक्शा तरमीम के 10309 प्रकरण के साथ



नामांतरण के 597 प्रकरण, बंटवारे के 224 प्रकरण, अभिलेख सुधार के 16 और 2363 किसानों के आरओआर लिंक किए गए है। उल्लेखनीय है कि 15 नवम्बर से राजस्व महा-अभियान की शुरूआत की गई है, जो आगामी15 दिसम्बर तक चलेगा।

### समग्र का आधार से ई केवाईसी के साथ अन्य दस्तावेजों पर काम

अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय के अनुसार राजस्व महा-अभियान 3.0 में समग्र का आधार से ई केवाईसी, खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वयन, नशे का तरमीम, ग्रामों में बी-1 का वचन, भूमि का सीमांकन, फौती नामांतरण के प्रकरणों का चिन्हांकन, पीएम किसान सम्मान निधि के पात्र कृषकों की ई-केवाईसी, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज करना ,राजस्व न्यायालय में समय सीमा पर लंबित प्रकरणों का निराकरण सहित अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही है। किसानों और ग्रामीणो तथा नागरिकों से अभियान का लाभ लेकर राजस्व संबंधी मामलो के निराकरण की अपील की गई है।

# भारतीय हॉकी के स्वर्ण युग को वापस लाना है लक्ष्य : अभिषेक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के फारवर्ड अभिषेक का कहना है कि उनका लक्ष्य भारतीय हॉकी के स्वर्ण युग को वापस लाना है। अभिषेक का कहना है कि हमने ओलंपिक में पदक जीतने की प्रक्रिया शुरू कर दी है पर स्वर्ण युग अभी हासिल नहीं हुआ है जिसके लिए हमें अभी और प्रयास करने हैं। वह हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम में भी शामिल थे।

अभिषेक हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपये में खरीदा था। वह पहली बार एचआईएल टूर्नामेंट खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, 'यह अंतरराष्ट्रीय मैचों से अलग अनुभव होगा। एचआईएल भारतीय हॉकी के लिए भी एक बड़ी बात होने जा रही है क्योंकि हमें लीग में बहुत सारे विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलने का अवसर मिलेगा। इस प्रकार एचआईएल से राष्ट्रीय टीम को लाभ ही मिलेगा, उसे बेहतर खिलाड़ी मिलेंगे।

उन्होंने कहा, 'हमारी एचआईएल टीम में बेल्जियम और जर्मनी के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं। एचआईएल के दौरान उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना और खेल से जुड़ी जानकारी प्राप्त करना बहुत अहम होगा। हम उनसे छोटी-छोटी बातें सीखेंगे। अभिषेक लीग के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी है पर उन्होंने कहा कि वह दबाव लेने की जगह इसका आनंद उठायेंगे। उन्होंने कहा, 'जिम्मेदारी तो होगी लेकिन मैं कोई दबाव नहीं लेना चाहता। मैं अपना खेल खेलूंगा। अगर मैं दबाव लूंगा तो अपना सौ फीसदी नहीं दे पाऊंगा। मैं बस अपने खेल का आनंद उठाने की कोशिश करूंगा। अधिषेक ने कहा कि पढ़ाई से बचने के लिए हॉकी खेलना शुरू किया था लेकिन उन्हें इस फैसले पर कभी पछतावा नहीं हुआ क्योंकि इस खेल ने उन्हें पहचान सहित वह सब कुछ दिया जो वह जिंदगी में पाना चाहते थे।

# जोश हेजलवुड का एडिलेड टेस्ट से बाहर होना टीम इंडिया के लिए अच्छा : अजय जडेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत के पूर्व कप्तान अजय जडेजा का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का एडिलेड टेस्ट से बाहर होना टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर है। हेजलवुड के बाहर होने के बाद अनकैप्ड पेसर सीन एबॉट और ब्रेंडन डोगेट को टेस्ट टीम में कॉल-अप मिला है। पर्थ में पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की भारत से 295 रन की हार में तेज गेंदबाज ने 5 विकेट लिए थे। साल 2020 में जब भारतीय टीम ने पिंक डे टेस्ट खेला था, तब हेजलवुड ने 5 ओवरों में 8 रन देकर 5 विकेट चटका लिए थे जिससे भारतीय टीम दूसरी पारी में 36 रन पर आउट हो गई थी। बहरहाल, जडेजा ने कहा कि हेजलवुड के 5 विकेट लेने के बावजूद, हम (पर्थ में) जीते। अगर वह आगामी टेस्ट नहीं खेलता है, तब ये हमारे लिए अच्छी खबर है। जब तक कि आपको कोई दूसरा नया सितारा नहीं मिल जाता। जडेजा ने कहा कि कभी-कभी प्रतिभाओं को भी एक दिन शुरुआत करनी पड़ती है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि उन्हें कोई दूसरी प्रतिभा नहीं मिलेगी अन्यथा यह एक अच्छा संकेत है। भारत के लिए, एडिलेड में शीर्ष क्रम में बदलाव की संभावना है क्योंकि पितृत्व अवकाश के कारण पर्थ टेस्ट से चूकने के बाद कप्तान रोहित शर्मा वापस लौट आए हैं, जबकि शुभमन गिल भी चोट से उबर गए हैं। जडेजा ने कहा कि यह कम से कम कप्तान और कोच के लिए सिरदर्द है। अगर कप्तान अंदर आता है, तब उसके लिए बड़ा सिरदर्द है कि वह किसे बाहर बैठाए।

# फिर चोटिल हुए मोहम्मद शामी, भारतीय टीम प्रबंधन के माथे पर चिंता की लकीर

» अपने शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में वापसी की जगी थी उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम इनदिनों ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है, लेकिन तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर एक नई चिंता सामने आ गई है। लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद शमी ने रणजी ट्रॉफी में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ वापसी की थी। हालांकि, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान बंगाल के लिए खेलते हुए उन्हें फिर चोट लग गई। 29 नवंबर को सौराष्ट्र के निरंजन शाह स्टेडियम में बंगाल और मध्य प्रदेश के बीच हुए मैच में शमी गेंदबाजी के दौरान चोटिल हो गए। यह घटना तब हुई जब शमी अंतिम ओवर फेंक रहे थे और एक गेंद को रोकने की कोशिश में असहज तरीके से गिर पड़े। इसके बाद, उन्होंने तुरंत अपनी पीठ के निचले हिस्से को पकड़ा और दर्द से कराहते हुए दिखाई दिए। शमी की स्थिति को देखकर मेडिकल टीम, जिसमें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मेडिकल पैनल के प्रमुख नितिन पटेल भी शामिल थे, तुरंत मैदान पर पहुंची। उन्होंने शमी की चोट का प्रारंभिक आकलन किया। हालांकि, चोट की गंभीरता को लेकर अब तक कोई बयान नहीं आया है। चोट के बावजूद, शमी ने हिम्मत दिखाते हुए अपना ओवर पूरा किया, लेकिन उनके ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने की संभावना पर सवाल खड़े हो गए है। गौरतलब है कि शमी 2023 में भारत में हुए आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के दौरान भी चोटिल हुए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में खेलने के बाद से ही वह टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। शमी ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर 7 विकेट झटके थे, जिससे उनकी राष्ट्रीय टीम में वापसी की उम्मीदें बढ़ गई थीं।

# रोहित की वापसी के बाद भी राहुल ही करें पारी की शुरुआत: पुजारा

**कैनबरा, एजेंसी**



बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा की वापसी के बाद भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में केएल राहुल ही यशस्वी जायसवाल के साथ पारी शुरु करें। रोहित के पहले टेस्ट में नहीं होने के कारण राहुल ने यशस्वी के साथ पारी शुरु की थी। इस जोड़ी का प्रदर्शन अच्छा रहा था। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों में जबरदस्त बल्लेबाजी करने वाले पुजारा का मानना ??है कि सीरीज के पहले मैच में 295 रन की जीत के बाद सलामी जोड़ी में कोई बदलाव नहीं होना चाहिये।

उन्होंने कहा कि यशस्वी ने पहली पारी में शानदार शतक लगाया। वहीं राहुल ने भी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए पर्थ में दो पारियों में 26 और 77 रन बनाए। पुजारा ने कहा, मुझे लगता है कि अगर हम इसी बल्लेबाजी क्रम को जारी रख सकते हैं तो रोहित तीसरे नंबर पर आ सकते हैं और शुभमन पांचवें नंबर पर आ सकते हैं। अगर रोहित शुरु करना चाहते हैं, तो राहुल को नंबर 3 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। उसके बाद कुछ नहीं। मुझे लगता है कि उन्हें शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करनी चाहिए, क्योंकि यह उनके खेल के लिए बहुत अच्छा है। मुझे उम्मीद है कि इसमें बदलाव नहीं होगा।

वहीं पुजारा ने कहा, आदर्श रूप से शुभमन के लिए 5 वां स्थान अच्छा है इससे उन्हें एक समय में आने का मौका मिलता है, भले ही हम दो विकेट जल्दी खो दें, वह ऐसा खिलाड़ी है जो नई गेंद से निपट सकता है। लेकिन अगर वह 25 या 30 ओवर के बाद आता है, तो वह अपने शॉट खेल सकता है। वह अपना स्वाभाविक खेल खेल सकता है। उन्होंने कहा, अगर हम पहले तीन विकेट जल्दी खो देते हैं, तो शुभमन आता है और पुरानी गेंद के लिए ऋषभ पंत को बचाता है। पंत को नई गेंद का सामना नहीं करना पड़ता है। पुजारा ने कहा, मैं नहीं चाहूंगा कि वह तब बल्लेबाजी के लिए आए जब गेंद सख्त और नई हो।

# पृथ्वी अपनी फिटनेस को ठीक करें, घरेलू क्रिकेट में अधिक से अधिक रन बनायें: कैफ

**मुम्बई, एजेंसी**



पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की आलोचना करते हुए कहा है कि उन्हें अपने प्रदर्शन पर शर्म आनी चाहिये। कैफ के अनुसार लगातार खराब प्रदर्शन के कारण ही पृथ्वी को आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला। एक भी फ्रैंचाइज ने उनपर बोली नहीं लगायी। पृथ्वी ने नीलामी के लिए अपना आधार मूल्य 75 लाख रुपए लगाया था। कैफ का मानना है कि पृथ्वी को अपनी फिटनेस पर काम करते हुए घरेलू क्रिकेट में अधिक से अधिक रन बनाने चाहिये। उन्होंने कहा, फ्रैंचाइजी आगे बढ़ गई हैं और यह उनके लिए बहुत बड़ी शर्म की बात है कि उन्हें 75 लाख रुपए की बोली भी नहीं मिली। उन्हें घरेलू क्रिकेट में वापस लौटना चाहिए और रन बनाने चाहिए। ।

कैफ ने कहा कि इस युवा बल्लेबाज को इस बात पर शर्मिंदा होना चाहिए कि बोली प्रक्रिया में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला। कैफ ने कहा, दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार अच्छा प्रदर्शन देखने की उम्मीद के साथ उनका समर्थन किया था। उनमें एक ओवर में 6 चौके लगाने की क्षमता है। पिछले सत्र की बात करें तो हमें लगा था कि अगर वह रन बनाएंगे, तो दिल्ली कैपिटल्स जीत जाएगी। उन्हें अपनी योग्यता साबित करने के लिए बहुत मौके दिए गए। उन्होंने कहा, टीम बैठकों के दौरान, इस बात पर विचार किया कि पृथ्वी को उनकी असफलताओं के कारण अंतिम 11 में रखा जाना चाहिए या नहीं। हमने तय किया कि उन्हें बेंच पर बैठाया जाएगा पर अगले दिन हमने यह सोचकर अपना फैसला बदल दिया कि वह बड़ा प्रदर्शन करेंगे और हमें मैच जिताएंगे पर ऐसा नहीं हुआ।

## बिजनेस

# स्मार्ट टीवी मॉडल्स पर 65 फीसदी तक का डिस्काउंट

» एक्सिस, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी और वन कार्ड से 10 फीसदी तक की छूट मिलेगी

**मुंबई, एजेंसी**

साल 2024 का आखिरी महीना दिसंबर आते ही दुनिया भर में ऑनलाइन खरीदारियों को खुशखबरी मिल रही है। फ्लिपकार्ट और अमेजन ने ब्लैक फ्राइडे सेल की घोषणा की है, जिसमें स्मार्ट टीवी मॉडल्स पर 65 फीसदी तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है। अमेजान ब्लैक फ्राइडे सेल में एक्सिस, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी और वन कार्ड से पेमेंट करते समय 10 फीसदी तक की छूट मिलेगी। अगर आप नई स्मार्ट टीवी का खरीद है तो यह सेल एक सुनहरा मौका है। इस सेल में शाओमी के 43 इंच स्मार्ट टीवी पर 42 फीसदी की छूट दी जा रही है, जिसे 24,999 रुपये में खरीदा जा सकता है। इस टीवी में 30 वॉट स्पीकर, डॉल्बी विजन, 4के रिजॉल्यूशन और गूगल टीवी सपोर्ट है।

# वित्त मंत्रालय अप्रत्याशित लाभ कर की प्रभावशीलता की समीक्षा करेगा

## पेट्रोल-डीजल हो सकता है सस्ता, वित्त मंत्रालय को भेजा प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी**




वित्त मंत्रालय ने अप्रत्याशित लाभ कर करने के नियमों के प्रभाव की समीक्षा करने का फैसला किया है, क्योंकि कच्चे तेल की निर्यात की कीमतें वैश्विक स्तर पर स्थिर रह गई हैं। इस निर्णय के बाद पेट्रोल, डीजल, और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर एसएईडी को शून्य किया गया है। जून 2022 में सरकार ने घरेलू उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को मिटाकर एसएईडी लागू किया था। इसमें पेट्रोलियम के निर्यात के लिए निर्धारित कीमतों में भी भारी कमी की गई थी। इस नए निर्णय के बाद सूत्रों का कहना है कि वित्त मंत्रालय अप्रत्याशित लाभ कर से होने वाली सम्भावित लाभ की समीक्षा करने जा रहा है। इससे जुड़े करों का भी आंकलन किया जाएगा। अप्रत्याशित लाभ कर का निर्धारण पहले 31 अगस्त को किया गया था, जब कच्चे पेट्रोलियम के निर्यात पर 1,850 रुपये प्रति टन को तय किया गया था। अब इसे 18 सितंबर से शून्य पर यथावत रखा गया है। इस निर्णय के प्रभाव से एविएशन इंडस्ट्री को भी लाभ हो सकता है, क्योंकि एटीएफ के निर्यात पर भी एसएईडी लागू है। देश की ऊर्जा क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो मंत्री निर्मला सीतारमण की नेतृत्व में लिया गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से गृहित प्रस्तावों के परिणामस्वरूप पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जीएसटी के दायरे में प्राकृतिक गैस को शामिल करने के लिए पत्र भेजा है। इस परिषद में लेने वाले निर्णय से जल्द ही ऊर्जा सेक्टर में और बदलाव देखने की उम्मीद है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह तेजी रही

» सेंसेक्स 759 अंक चढ़कर 79,802 पर बंद

» निफ्टी 216 अंक चढ़कर 24,131 पर बंद

**मुंबई, एजेंसी**



वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों, महाराष्ट्र में स्थायी सरकार की उम्मीद और जियोपॉलीटिकल तनाव कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट की वजह से शेयर बाजार में साप्ताहिक आधार पर लगातार दूसरे सप्ताह तेजी देखी गई। बीते पांच दिनों पर शेयर बाजार की चाल पर नजर डालें तो महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणामों के बाद सोमवार को शेयर बाजार खुलने पर अच्छी बढ़त दिखी। हफ्ते को पहले कारोबारी दिन सेंसेक्स सेंसेक्स 1,249.86 अंक चढ़कर 80,315.02 पर खुला और 992.74 अंक उछलकर 80,109.85 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 379.71 अंक मजबूत होकर 24,286.95 पर खुला और 314.65 अंक बढ़कर 24,221.90 अंक पर बंद हुआ। ताजा विदेशी फंड प्रवाह और अमेरिकी बाजारों में मजबूत रुझानों के बीच मंगलवार के शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त जारी रही। बीएसई का सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 372.51 अंक चढ़कर 80,482.36 अंक पर खुला और 105.79 अंक गिरकर 80,004.06 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 121.4 अंक चढ़कर 24,343.30 अंक पर खुला और 27.40 अंक गिरकर 24,194.50 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका में लगाए गए आरोपों को अदाणी समूह की ओर से नकारे जाने के बाद बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 166.1 अंक चढ़कर 80,170.16 अंकों पर खुला और 230.02 अंक चढ़कर 80,234.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 74.35 अंक की बढ़त के साथ 24,268.85 अंकों पर खुला और 80.40 अंक बढ़कर 24,274.90 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 95 अंक चढ़कर 80,329.08 अंकों पर खुला और 1,190.34 अंक गिरकर 79,043.74 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 48.15 अंक की बढ़त के साथ 24,323.05 अंकों पर खुला और 360.75 अंक गिरकर 23,914.15 अंक पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार मजबूती के साथ कारोबार करता दिखा। शुक्रवार को सेंसेक्स 759.87 अंकों की बढ़त के साथ 79,837.50 पर खुला और 759.05 अंक चढ़कर 79,802.79 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 223.40 अंक चढ़कर 24,137.55 पर खुला और 216.95 अंक चढ़कर 24,131.10 पर बंद हुआ।

# अब एटीएम से भी निकाल सकेंगे पीएफ का पैसा

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक नई योजना शुरू की है, जिससे सब्सक्राइबर्स को अब अपनी फाइनेंशियल सिक्योरिटी को और भी मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस नई योजना के तहत ईपीएफओ सब्सक्राइबर्स को एटीएम से अपने पीएफ का पैसा उठाने की सुविधा उपलब्ध कराएगा। एटीएम से पैसा निकालने की लिमिट तय की जाएगी, जिससे सब्सक्राइबर्स अपनी जरूरत पर अनुकूल पैसे निकाल सकेंगे ईपीएफओ 3.0 योजना का हिस्सा बनकर। इसके अलावा श्रम मंत्रालय कर्मचारियों के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए 12 फीसदी की सीमा को हटाने पर विचार कर रही है। सब्सक्राइबर्स को जल्द ही ज्यादा राशि जमा करने की सुविधा मिल सकती है। यह नई योजना कर्मचारियों को अपने भविष्य के लिए और अधिक बचाव

# पाम ऑयल की दर बढ़ने से साबुन महंगा हुआ

## नहाने वाले साबुन की कीमतों में 7-8 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और विप्रो जैसी बड़ी कंपनियां ने पाम ऑयल की बढ़ती कीमतों की वजह से साबुन के भाव 7-8 फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। पाम ऑयल, साबुन निर्माण में एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है और इस बढ़ोतरी का सीधा प्रभाव सीधे ग्राहकों की जेबों पर दिख रहा है। सिर्फ साबुन ही नहीं, एचयूएल और अन्य कंपनियां चाय की कीमतों में भी इजाफा कर रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कच्चे माल की कीमतों में इजाफे की वजह से कंपनियां कीमतें बढ़ा रही हैं। पाम ऑयल, कॉफी, और कोको जैसे कच्चे माल की कीमतों में उछाल का असर देखने को मिल रहा है। विप्रो कंज्यूमर केयर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंडस्ट्री के सभी बड़े ब्रांड्स ने लगभग 7-8 फीसदी की मूल्य वृद्धि की है। विप्रो कंज्यूमर केयर भी साबुन की कीमतों में संशोधन किया है। पाम ऑयल की कीमतें सितंबर से लगभग 35-40 फीसदी तक बढ़ चुकी हैं। इसे उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ने की संभावना है, खासकर साबुन और चाय के दामों में। एचयूएल और विप्रो जैसी कंपनियां इस बढ़ोतरी का सीधा असर उपभोक्ताओं की जीवनशैली पर देख रही हैं। इस महंगाई तंत्र से सबसे ज़्यादा प्रभावित होंगे दलित वर्ग के लोग, जिनकी आर्थिक स्थिति पहले ही कमजोर है। अब उन्हें और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

# ओडिशा में आलू की कीमतों में तेज बढ़ोतरी

## पश्चिम बंगाल द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से ट्रक फंसे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पिछले दो दिनों में आलू की कीमतों में तेज़ बढ़ोतरी की गई है और यह समस्या पश्चिम बंगाल द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से उत्पन्न हुई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल द्वारा राज्य में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर लगाए गए प्रतिबंधों के चलते सैकड़ों ट्रक ओडिशा-बंगाल सीमा पर फंसे हुए हैं। व्यापारियों का कहना है कि आलू की कीमत पहले 30-33 रुपए प्रति किलोग्राम थी जो अब 40 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। यह स्थिति उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है और अगर आपूर्ति त्वरित नहीं हुई तो कीमतें और बढ़ सकती हैं। ओडिशा ट्रेडर्स एसोसिएशन ने राज्य सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है और खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कल्याण मंत्री कृष्णचंद्र पात्रा ने बताया कि सरकार अब पंजाब और उत्तर प्रदेश से आलू आने की कोशिश कर रही है। अब ओडिशा को प्रतिदिन 4500 टन आलू की आवश्यकता है जिसका बड़ा हिस्सा पश्चिम बंगाल से आता है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### नवम्बर में एम.पी. ट्रांसको की ट्रांसफार्मेशन क्षमता में हुई उल्लेखनीय वृद्धिः ऊर्जा मंत्री

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने जानकारी दी कि एम.पी. ट्रांसको (एम.पी. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) ने नवम्बर-2024 में विद्युत पारेषण की अधोसंरचना में उल्लेखनीय बढ़ोतरी करते हुये 2 नये पॉवर ट्रांसफार्मर सहित कुल 9 पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किये। नवम्बर माह में एम.पी. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने कुल 395 एम.व्ही.ए. की ट्रांसफार्मेशन क्षमता अपने नेटवर्क में जोड़ी जिससे प्रदेश में एम.पी. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़कर 80634 एम.व्ही.ए. की हो गई है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने बताया कि नवम्बर-2024 में प्रदेश में 500 एम.व्ही.ए. क्षमता का दूसरा पॉवर ट्रांसफार्मर भोपाल में स्थापित किया गया। इसके अलावा इंदौर में 315 एम.व्ही.ए. का एक ट्रांसफार्मर बदला गया। नागदा में पश्चिमी क्षेत्र का दूसरा 200 एम.व्ही.ए. क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया। इसके अलावा अंजाड (खंड़वा) एवं मोरार ग्वालियर में 50-50 एम.व्ही.ए. क्षमता के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किये गये।

### चीता निर्वा ने ही अपने बच्चों को खाया दो के क्षत-विक्षत शव मिले थे, क्या कह रहे अधिकारी?

**भोपाल।** दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता निर्वा ने 22 नवंबर को चार शावकों को जन्म दिया था। 27 नवंबर को दो शावकों की मौत हो गई। उनके क्षत-विक्षत शव मांद में पड़े हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि निर्वा ने ही इन्हें मारा है। मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में दो चीता शावकों की मौत की कहानी उलझी हुई है। यह सवाल अब भी बरकरार है कि आखिर शावकों की मौत कैसे हुई है? बाड़ा कहीं से टूटा नहीं है, उसमें किसी अन्य जानवर के घुसने के सबूत भी नहीं मिले हैं। ऐसे में शावकों की मां निर्वा की ही भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। माना जा रहा है कि निर्वा ने ही अपने शावकों को मार दिया। अगर, ऐसा है तो यह दुर्लभ घटना होगी, क्योंकि चीता समेत बिल्ली प्रजाति के अन्य जानवर अपने बच्चों को मारने के लिए नहीं जाने जाते हैं। ऐसे में विशेषज्ञ यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि अगर, निर्वाह ने ऐसा किया है तो क्यों? दरअसल, दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता निर्वा ने 22 नवंबर को चार शावकों को जन्म दिया था। तीन दिन बाद 25 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा कर खुशी जाहिर की थी। निर्वा के शावकों के जन्म के बाद कूनो नेशनल पार्क में 12 शावक और 12 वयस्क चीते हो गए थे। उधर, शावकों के जन्म के बाद वन विभाग की टीम मादा चीता निर्वा की लगातार निगरानी रही थी। 27 नवंबर को टीम को चीता निर्वा अपनी मांद से दूर भटकती नजर आई। ऐसे में वन विभाग की टीम ने मांद का निरीक्षण किया तो वहां दो शावकों के शव क्षत-विक्षत पड़े हुए थे। इसके बाद शावकों की मौत की जानकारी सामने आई और फिर इसकी जांच शुरू की गई।

### आम लोगों की राय लेकर तैयार होगा 2025 का बजट

**भोपाल।** राज्य की मोहन सरकार 2025-26 की बजट तैयारी में जुट गई है। सरकार ने बजट के लिए आम जनता से 15 जनवरी तक ऑनलाइन सुझाव मांगे है। सरकार की ओर से सुझाव एवं मार्गदर्शन मांगे गए हैं। यह सुझाव 15 जनवरी 2025 तक लिए जाएंगे। सुझावों के साथ आम नागरिक अपना नाम, शहर, जिला, पिनकोड एवं मोबाइल नंर भी अंकित करना होगा। दरअसल वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की तैयारियां शुरू हैं। बजट में आमजन के सुझाव लेने का कार्य पिछले कई सालों से बीजेपी की सरकार कर रही है। इसी तारतम्य में प्रदेश के आम नागरिक से राज्य के बजट को प्रभावी बनाने के लिए सुझाव देने को कहा है। सरकार ने प्रदेश के लोगों से पूछा है कि किस जिले में किस तहसील में किस तरह के उद्योग या लघु उद्योग लगाए जा सकते हैं, जिससे रोजगार बढ़ सके। प्रदेश में पुराने शहरों की सड़कों, गलियारों के चौड़ीकरण, कस्बों के अंतर्विकास और अतिक्रमण व झुग्गीमुक्त बनाने को लेकर भी सुझाव देने के लिए कहा है। जनता सरकार से क्या चाहती हैं, योजनाओं में सुधार,बदलाव की जरूरत है तो अपना फीडबैक सीधे राज्य तक पहुंचा सकते हैं।

### बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने वाले सरकारी स्कूलों के प्राचार्य जाएंगे सिंगापुर

**भोपाल।** मप्र के सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों के लिए अच्छी खबर है। इसी कड़ी में माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक परिणाम लाने वाले स्कूलों के प्राचार्य और अधिकारियों का 120 सदस्यीय दल सिंगापुर दौरे पर जाएगा। स्टार्स परियोजना के तहत शासन की ओर से इस यात्रा के लिए चार करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। इस दौरे में जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर ढाई लाख रुपये खर्च होंगे। यह दौरा दो अलग-अलग दलों में होगा। पहले दल में 70 और दूसरे दल में 50 प्राचार्यो-अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। पहला दल 6 जनवरी को और दूसरा दल 13 जनवरी को पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना होगा।

**लगभग 3300 करोड़ की लागत से विकसित होंगे पर्यटन स्थल, प्रधानमंत्री को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिया धन्यवाद**

# पर्यटन उद्योग को प्रोत्साहित करने वाली क्रांतिकारी योजना है सस्कीः मोहन यादव

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश के 40 विशेष पर्यटन स्थलों को विश्व के पर्यटन स्थलों भांति की विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रदेशवासियों की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार माना है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 3 हजार 295.76 करोड़ की राशि देश के 40 चिन्हित पर्यटन स्थलों के लिए स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण से ये स्थल देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनते है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन स्थलों के लिए निर्धारित मापदंड के लिए पर्यटन स्थलों के रख-रखाव एवं पर्यटकों के लिए संपूर्ण गाईड, कैफ़ेटरिया रहने के लिए होटल, गेस्ट हाउस आदि की व्यवस्था का होना आवश्यक है।

केंद्र सरकार द्वारा देश के 23 राज्यों के 40 पर्यटन स्थलों में से मध्यप्रदेश की धार्मिक एवं पावन नगरी ओरछा ए मेडिएबल स्प्लेन्डर एवं भोपाल में इंटरनेशनल सेंटर फॉर एम.आई.सी.ई को विश्व स्तरीय आईकॉनिक सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्यटन स्थल के विकसित होने से पर्यटकों की संख्या से पर्यटन उद्योग और उससे जुड़े छोटे-बड़े उद्योग एवं स्थानीय बाजार भी लाभान्वित होते हैं।



इस योजना में राज्यों के प्रतिष्ठित पर्यटन केन्द्रों के विकास, ब्रांडिंग और विश्व व्यापार स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इससे निश्चित ही पर्यटन, रोजगार, बाजार, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ ही भारत की गौरवशाली संस्कृति एवं परंपरा का भी प्रसार होगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बिटिया मुस्कान को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अशोकनगर की बिटिया मुस्कान रघुवंशी को अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर विजय प्राप्त करने के लिए बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बिटिया मुस्कान ने माउंट किलिमंजारो पर तिरंगा ध्वज फहराकर मध्यप्रदेश सहित सम्पूर्ण देश को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बेटी मुस्कान को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद, सफल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**बर्फीली हवा से ठिठुरा मप्र, शिमला-मसूरी से भी ठंडा**

# भोपाल में 36 साल में सबसे ज्यादा सर्दी मंडला-शहडोल में 7 डिग्री से नीचे पारा

**विजय मत, भोपाल**

बर्फीली हवाओं से मध्यप्रदेश ठिठुर गया है। कई शहरों में दिसंबर-जनवरी जैसी ठंड पड़ रही है। भोपाल में नवंबर का महीना 36 साल में सबसे ज्यादा ठंड है। यहां पारा 8.2 डिग्री पहुंच चुका है। वहीं, मंडला और शहडोल में पारा 7 डिग्री के नीचे है। नवंबर के आखिरी दिन भी तेज सर्दी का असर रहने की संभावना है। दिसंबर में कड़ाके की ठंड का दौर रहेगा।

पश्चिम-उत्तर भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम 234 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से बह रही है। मध्यप्रदेश के शहरों में यह औसत 8 से 10ब्द्व है। इस वजह से भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर के साथ ही छोटे शहरों में भी तेज ठंड है। शुक्रवार को सर्द हवाओं की वजह से लोग कंपकपा उठे। इससे बचने के लिए वे दिनभर गर्म कपड़ें पहने रहे।



### इंदौर के तापमान में आई गिरावट

इंदौर के तापमान में गिरावट आई है, बता दें दिन का तापमान फिर 1 डिग्री लुढ़ककर 24 डिग्री पहुंचा तो रात ने कपकपा दिया हैं। शुक्रवार रात का तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहा, आज शनिवार भी सुबह से ठंडी हवा और कपकपी वाली रही। वही उज्जैन में तीन दिन बाद एक बार फिर 11.5 डिग्री पर पारा पहुंचा हैं, जिससे मौसम में ठंडी बढ़ गई है।

### जबलपुर में सुबह से धूप निकली

जबलपुर में रात का तापमान 10 डिग्री के पार पहुंच गया है। उत्तर पूर्वी हवा चल रही है, जिससे संभाग के जिलों में मौसम मौसम शुष्क रहने की संभावना है। आज शनिवार सुबह से ही धूप निकली हुई है। वही ग्वालियर में आज की रात सीजन की सबसे ठंडी रात रही, लगातार हवा चलने से ठंड बढ़ती जा रही है।

### पहली बार भोपाल में पचमढ़ी से भी कम टेम्प्रेचर

नवंबर में पहली बार भोपाल में रात का तापमान पचमढ़ी से भी कम हो गया। गुरुवार-शुक्रवार की रात भोपाल में तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पचमढ़ी में 9.6 डिग्री रहा। इससे पहले भोपाल में 1988 में पारा 7.5 डिग्री दर्ज किया गया था। इधर, सबसे ठंडा पूर्वी हिस्से का कल्याणपुर रहा। यहां तापमान 6.2 डिग्री दर्ज किया गया। मंडला में 6.8 डिग्री रहा।

### दिन में पचमढ़ी में पारा 22.1 डिग्री पहुंचा

प्रदेश में रात के साथ दिन भी ठंडे हैं। शुक्रवार को हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा सबसे कम 22.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रायसेन में 23 डिग्री, नरसिंहपुर में 24.4 डिग्री, सीधी में 24.8 डिग्री और मलाजखंड में 24.1 डिग्री रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल और इंदौर में पारा 25 डिग्री से नीचे रहा।

***हवा नीचे बहेगी तो ठंड और बढ़ेगी...** मौसम वैज्ञानिक प्रमेंद्र कुमार ने बताया, अभी जेट स्ट्रीम हवा की ऊंचाई 12.6 किमी है। जब यह नीचे बहेगी, तब ठंड का असर और तेज हो जाएगा। इसके अलावा पूर्वी हिस्से में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और दक्षिण-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर डीप डिप्रेशन एक्टिव है। इसका असर भी प्रदेश में देखने को मिल रहा है।*

# प्रदेश में 7 नए वन स्टॉप सेंटर खुलेंगेः मंत्री भूरिया

**केंद्र से मिली स्वीकृति**



**विजय मत, भोपाल**

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि प्रदेश में छः नये वन स्टॉप सेंटर जल्द खोले जाएँगे । केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा इसके लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर झाबुआ जिले के पेटलावाद, इंदौर के रसूलिया, धार के पीथमपुर और मनावर सहित नए जिले पांढुर्ना, मऊगंज और मैहर में खोले जाएँगे।

मंत्री भूरिया ने कहा कि इन जिलों में वन स्टॉप सेंटर खुलने से पीड़ित महिलाएं उनके साथ हुए अत्याचार अथवा घरेलू हिंसा के बारे में बता पाएंगी और व्यवस्था अनुसार अपने जीवन को एक नई दिशा दे सकेंगी। उन्होंने कहा कि यहां पर हिंसा से प्रभावित महिलाओं को तत्काल आपातकालीन प्रतिक्रिया और बचाव सेवाएं, चिकित्सा सहायता, प्राथमिकी दर्ज करने में महिलाओं की सहायता, मनोवैज्ञानिक या परामर्श सहायता, कानूनी सहायता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के साथ-साथ मुफ्त पुलिस और अदालती कार्यवाही के दौरान सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही इन केंद्रों पर सभी तरह की हिंसा से पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को अस्थाई रूप से रहने की सुविधा दी जाती है।

मंत्री भूरिया के अथक प्रयासों से झाबुआ के पेटलावद में नवीन वन स्टॉप सेंटर खुलने से इस क्षेत्र की महिलाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा के पश्चात न्याय पाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। प्रदेश में अब तक 57 ओएससी सेंटर्स संचालित किये जा रहे थे। इन 7 नये वन स्टॉप सेंटर की स्वीकृति मिलने से अब इनकी संख्या 64 हो जाएगी।

## भाजपा सरकार और उनका पिट्ठू प्रशासन झूठे प्रकरण दर्ज करना बंद करेंः जीतू पटवारी

**विजय मत, भोपाल**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मोहन यादव सरकार की प्रदेश की कानून व्यवस्था को मौन और ध्वस्त बताते हुये कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था भाजपा की कठपुतली बनकर काम कर रही है। उज्जैन जिले के महिदपुर में भाजपा के कार्यक्रम के दौरान भाजपा की आपसी मुठभेड़ में भाजपा के ही कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के बीच हुई तमाचेबाजी से भाजपा का जो चाल, चरित्र और चेहरा उजागर हुआ है, उससे प्रदेश शर्मसार हुआ है। उन्होंने विपक्ष में अपनी भूमिका और अपने कर्तव्य बोध को परिलक्षित करते हुये भाजपा में हुई इस आपसी तमाचेबाजी की घोर निंदा करते हुये कहा है कि एक क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के ऐसा रवैया किसी भी पार्टी के कार्यकर्ताओं को शोभा नहीं देता।

पटवारी ने मोहन यादव सरकार और भाजपा नेताओं के दिमाग में ग्रसित कुंठा पर सवाल उठाते हुये कहा कि उज्जैन के कांग्रेस के बब्बर शेर कार्यकर्ताओं पर झूठे केस लगाकर उनकी आवाज़ दबाने की नाकाम कोशिश मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके पुलिस महकमें की हताशा को साफ़ दर्शाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं, लड़ने वाले हैं और कार्यकर्ताओं के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ पूरी कांग्रेस पार्टी हमेशा आवाज़ बुलंद करती रहेगी।

## भोपाल रेल मंडल की 6 ट्रेन निरस्त

**भोपाल।** मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में पथरिया रेलवे स्टेशन पर तीसरी लाइन कनेक्टिविटी का काम चल रहा है, जिसके चलते भोपाल रेल मंडल की 6 ट्रेनों को रेलवे ने 1 से 7 दिसंबर तक निरस्त करने का निर्णय लिया हैं। इसके अलावा दो ट्रेनों के रेलवे ने रूट भी परिवर्तित किए हैं। इसके अलावा सप्ताह भर तक आठ ट्रेनों का पथरिया स्टेशन पर हॉल्ट भी कैंसिल किया है, जिसमें रीवा-रानी कमलापति रीवांचल एक्सप्रेस, बलिया-एलटीटी कामायनी एक्सप्रेस और हावड़ा एक्सप्रेस जैसी ट्रेन शामिल हैं। वहीं कई ट्रेनों के रूट परिवर्तित किए गए हैं। गाड़ी संख्या 11466 जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस 2 एवं 6 दिसम्बर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया जबलपुर-इटारसी-भोपाल होते हुए जाएगी।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर मधुमक्खियों के झुंड ने किया हमला, 10 से अधिक लोगों को काटा

**विजय मत, ब्यूरो, शिवपुरी**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि 10 से अधिक लोगों को मधुमक्खियों ने काटा है। शिवपुरी जिले के माधव नेशनल पार्क में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। 12 से ज्यादा लोगों को मधुमक्खियों ने काट लिया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें जैसे-तैसे बाहर निकाला। सिंधिया पार्क में चांदपाठा झील पर ड्रेजिंग मशीन का उद्घाटन करने पहुंचे थे। हमले के बाद उन्हें बिना उद्घाटन किए ही लौटना पड़ा।

घटना शनिवार को चांदपाठा झील के पानी पर बने प्लेटफॉर्म पर सेलिंब क्बल पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया के साथ कुछ लोगों को ही जाने की अनुमति थी। सिंधिया जैसे ही ड्रेजिंग मशीन की ओर बढ़े, तभी मधुमक्खियों ने वहां मौजूद लोगों को काट लिया। कार्यक्रम में सिंधिया सहित ऊर्जा मंत्री और कुछ ही लोगों को नीचे चंद पाठक झील रामसर साइट के झील के पानी पर बने प्लेटफार्म पर जाने की अनुमति थी। बाकी लोगों को



सेलिंग क्लब पर ऊपर ही रोक दिया था। कार्यक्रम में शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन, सहित भाजपा के कई नेता पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम को शूट करने के लिए और सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर ड्रोन उड़ाया जा रहा था। उसी की आवाज और हवा के चलते मधुमक्खियां भड़क गई थी। हालांकि, अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है। शिवपुरी के माधव नेशनल पार्क की चांदपाठा झील को रामसर साइट घोषित किया गया है। यहां झील में मौजूद जलकुंभी को हटाने के लिए एक करोड़ 20 लाख की लागत से ड्रेजिंग मशीन बुलवाई गई थी।सिंधिया इसका ही उद्घाटन करने पहुंचे थे। जलकुंभी की वजह से यहां नौका विहार बंद है।

## टॉक्सोकॉन-20 में एम्स भोपाल का शानदार प्रदर्शन



**विजय मत, भोपाल**

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक, प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह के मार्गदर्शन में, फोरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी विभाग ने एम्स देवघर में आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विष विज्ञान सम्मेलन 'TOXOCON-20' में अपने शानदार प्रदर्शन से संस्थान का मान बढ़ाया। इस सम्मेलन में देश भर से विषविज्ञान के विशेषज्ञ और छात्र एकत्रित हुए थे। प्रो. सिंह ने एम्स भोपाल की भागीदारी पर कहा, TOXOCON-20 में हमारे संकाय सदस्यों और रेजिडेंट डॉक्टरों का प्रदर्शन संस्थान की शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रतीक है। उनकी प्रस्तुतियां और क्विज़ प्रतियोगिता में प्रदर्शन, उनकी कड़ी मेहनत और एम्स भोपाल की अकादमिक मजबूती को दर्शाती हैं।

**खास-खबर** **काशी में सेंटर फॉर सनातन रिसर्च द्वारा आयोजित 'शक्तिपीठ महासमागम' कार्यक्रम को किया संबोधित**

## सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से भारत सशक्तः राज्य मंत्री लोधी

**विजय मत, भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का कद लगातार बढ़ रहा है। सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से भारत निरन्तर सशक्त होता जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनका अनुसरण करते हुए प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 20 धार्मिक और सांस्कृतिक लोको का निर्माण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य धार्मिक तीर्थाटन को विश्व स्तरीय बनाना है। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी काशी वाराणसी में सेंटर फॉर सनातन रिसर्च द्वारा आयोजित ÷शक्तिपीठ महासमागम÷ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि प्रदेश में शारदा पीठ मैहर का विकास शारदा लोक और नर्मदा शक्तिपीठ का विकास नर्मदा लोक के रूप में किया जा रहा हैं। प्रदेश में स्थित दोनों ज्योतिर्लिंग बाबा महाकालेश्वर और ममलेश्वर का सर्वांगीण विकास किया जा रहा हैं। इसी तरह भारत में स्थित शक्तिपीठों और ज्योतिर्लिंगों को एक योजना बद्ध तरीके से पर्यटन और सांस्कृतिक सर्किट के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। ठहरने की व्यस्था, पहुंच मार्ग जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। व्यापक स्तर पर उसका प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, जिससे इन शक्तिपीठ और ज्यार्तिलिंग पर तीर्थाटन और पर्यटन बढ़ेगा और हम अखण्ड भारत बनने की दिशा में प्रगतिशील होंगे।

राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि उनका सौभाग्य है। बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में आने का अवसर मिला। काशी भौतिकता और आध्यात्मिकता का समागम है। काशी भारत के प्राचीनतम शहरों में से एक है। उल्लेखनीय है कि पहली बार 51 शक्तिपीठ और द्वादश ज्योतिर्लिंग के पीठाधीश्वर, संत-महात्माओं का महासमागम हुआ है। सेंटर फॉर सनातन रिसर्च का यह आध्यात्मिक समागम शिव के बारह ज्यातिर्लिंग और शक्ति के 51 शक्तिपीठ के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के पुनीत उद्देश्य से किया गया है, जिससे संपूर्ण भारतवर्ष सनातनी सुगंध से पुष्पित और सुगंधित हो सके।

## डीजीपी सुधीर सक्सेना की विदाई परेड, मकवाना ने लिया चार्ज

**डीसीपी बेटी ने बतौर कमांडर दी सलामी**

**विजय मत, भोपाल**

एमपी पुलिस के वर्तमान मुखिया डीजीपी सुधीर सक्सेना की विदाई परेड भोपाल में शनिवार को आयोजित की गई। शाम 4 बजे मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में हुई परेड में एमपी पुलिस इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया। इस दौरान डीजीपी की आईपीएस बेटी सोनाक्षी सक्सेना ने बतौर कमांडर पिता को सलामी दी। सोनाक्षी सक्सेना अभी भोपाल पुलिस में डीसीपी इंटेलिजेंस के रूप में काम कर रहीं हैं। इसके बाद शाम को नए डीजीपी कैलाश मकवाना ने पदभार ग्रहण कर लिया।

डीजीपी सुधीर सक्सेना ने कहा स्त्रह्य एमपी पुलिस देश में सर्वोत्तम



है। हमारी पुलिस की आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की देश में सराहना की गई। जेएमबी, सिमी, पीएफआई के मॉड्यूल को प्रदेश में ध्वस्थ किया गया।

प्रदेश के 30 वे पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना 87 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहे। पूर्व डीजीपी विवेक जौहरी के सेवानिवृत्त होने के बाद चार मार्च 2022 को उन्होंने यह पदभार ग्रहण किया था।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com